



आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 24 | अंक : 293 | रायपुर, गुरुवार, 28 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00



3 सड़कों पर ट्रैफिक ...



E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



बैग में अटपटी चीजें रखती ... 6


## सार समाचार

### जय भट्टाचार्य को ट्रंप ने दी बड़ी ज़िम्मेदारी



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम में भारतीय मूल के जय भट्टाचार्य को शीर्ष प्रशासनिक पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। जय भट्टाचार्य कोविड के दौरान लगाए गए लॉकडाउन के विरोधी थे। ट्रंप ने उन्हें अमेरिका के मुख्य सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अगले डायरेक्टर पद के लिए लिए नामित किया है।

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से प्रशिक्षित फ़िज़ीशियन और अर्थशास्त्री को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ हेल्थ (एनआईएच) की ज़िम्मेदारी के लिए चुना है। बता दें कि एनआईएच दुनिया की सरकारी फ़ंड पर चलने वाली दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेडिकल रिसर्च संस्था है।


नई दिल्ली। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम में भारतीय मूल के जय भट्टाचार्य को शीर्ष प्रशासनिक पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। जय भट्टाचार्य कोविड के दौरान लगाए गए लॉकडाउन के विरोधी थे। ट्रंप ने उन्हें अमेरिका के मुख्य सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अगले डायरेक्टर पद के लिए लिए नामित किया है।

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से प्रशिक्षित फ़िज़ीशियन और अर्थशास्त्री को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ हेल्थ (एनआईएच) की ज़िम्मेदारी के लिए चुना है। बता दें कि एनआईएच दुनिया की सरकारी फ़ंड पर चलने वाली दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेडिकल रिसर्च संस्था है।


### बीजेपी ने संगठन चुनाव के लिए की पर्यवेक्षकों की नियुक्ति




**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के संगठन चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये नियुक्तियां संगठन चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए की गई हैं।

इन पर्यवेक्षकों का प्रमुख कार्य संबंधित राज्यों में पार्टी के संगठनात्मक चुनावों की निगरानी करना होगा, जिससे पार्टी की आंतरिक संरचना मजबूत और पारदर्शी बनी रहे। ये चुनाव बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे को बेहतर बनाने और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने की दिशा में अहम कदम हैं। इसके साथ ही बीजेपी ने संगठन चुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव दिसंबर के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है।

# डीएमएफ से सतरेंगा पर्यटन स्थल पर हुए खर्च की होगी जांच

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतरेंगा को विकसित करने के लिए जिला खनिज न्यास (DMF) का करोड़ों रुपया लगाए जाने की शिकायत के बाद केंद्रीय खान मंत्रालय के अपर सचिव ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मामले की जांच का निर्देश दिया है। कोरबा जिले में स्थित यह पर्यटन स्थल कोयला खनन प्रभावित क्षेत्र नहीं है, बावजूद इसके जिले की DMF परिषद की अनुशंसा पर यहां करोड़ों रूपये लगा दिए गए।



### DMF की क्या है शिकायत..?

केंद्रीय खान मंत्रालय के अपर सचिव ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है, जिसमें DMF की राशि के दुरुपयोग करने की शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया है। सतरेंगा पर्यटन केंद्र कोरबा जिले में स्थित है और यहां के इनवायरमेंट एक्टिविस्ट लक्ष्मी चौहान ने खान मंत्रालय से लिखित शिकायत में कहा है कि DMF की कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित शासी परिषद ने कोरबा के कोयला खदानों से पूरे जिले को प्रभावित मान लिया जबकि खनन क्षेत्र से सतरेंगा अप्रत्यक्ष रूप से भी प्रभावित नहीं है। इस तरह प्रशासन ने सतरेंगा पर्यटन केंद्र को विकसित करने और विद्युतीकरण के लिए DFM से करोड़ों रुपए खर्च कर दिए।

बता दें कि डीएमफ घोटाला के मामले में कोरबा की पूर्व कलेक्टर रानू साहू और आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त माया वारियर जेल में बंद हैं।

### स्पष्ट नियम होने के बावजूद मनमाना खर्च

2015 में बनाए गए केंद्र और राज्य के नियमों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की स्पष्ट परिभाषाएं थीं, लेकिन संचालन में आसानी और मनमाने खर्च के लिए DMFT ने ऐसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित नहीं किया और पूरे जिले को प्रभावित माना गया। ऐसा करके उन क्षेत्रों में अनियमित निधि खर्च हुई जो न तो प्रत्यक्ष और न ही अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं, जैसे सतरेंगा, जो एक पर्यटन स्थल है, वहां भारी मात्रा में DMF की निधि डाली गई। सतरेंगा पर्यटन सर्किट छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अधीन है, जो स्वयं राजस्व उत्पन्न करने वाली इकाई है और पर्यटक होटल, रिसॉर्ट, बोटिंग आदि का वाणिज्यिक संचालन करती है। क्या ऐसे संगठनों को DMFT फंड का डायवर्जन किसी भी तरह से प्रभावितों के लिए मददगार है, यह अत्यधिक संदिग्ध है?

सतरेंगा के लिए राशि स्वीकृत की तब बताया गया था कि यहां प्रशिक्षण कैम्पिंग कक्ष बनाया जाएगा। जहां ग्रामीणों को प्रशिक्षण के दौरान रुकने की व्यवस्था होगी। बाद में जब भवन बनकर तैयार हो गया तो इसका उपयोग रिसार्ट के रुप में शुरु कर दिया गया। करोड़ों रुपए इस फंड से निकाले गए और बाद में उपयोगिता बदल दी गई।

### पर्यटन मंडल ने बनाई थी कार्ययोजना

बता दें कि लगभग 5 –6 वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने सतरेंगा के साथ ही बुका नामक पर्यटन स्थल के विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई थी। इसके लिए 13 करोड़ 31 लाख 25 हजार 820 रुपए की मंजूरी दी गई।

# महाराष्ट्र सीएम पद पर सस्पेंश बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में नई सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पूरी तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेतृत्व के फैसले का समर्थन करेंगे।



एकनाथ शिंदे ने यहां अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, ''मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह को फोन किया था और उनसे (मुख्यमंत्री पद पर) फैसला करने को कहा था। मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि वे जो भी निर्णय लेंगे, मैं उसका पालन करूंगा।

### हमारी तरफसे कोई अडंगा नहीं

उन्होंने कहा, ''हमारी शिवसेना महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को नामित करने के भाजपा के फैसले का पूरा समर्थन करेगी। हमारी तरफ से कोई अडंगा नहीं है। शिंदे ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि उनके नेतृत्व में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को शानदार जीत हासिल करने के बावजूद दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने से वह निराश हैं। उन्होंने कहा, ''कोई नाराज नहीं है। हमने महायुति के रूप में काम किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें दूसरा कार्यकाल नहीं मिलने से वह निराश हैं, शिंदे ने कहा, ''ऐसी कोई बात नहीं है। आपको याद होगा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल का समर्थन किया था।

प्रचंड जीत के लिए महाराष्ट्र के लोगों को धन्यवाद– एकनाथ शिंदे

यह पूछे जाने पर कि नए मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री कौन होगा, शिंदे ने कहा, ''अमित भाई (शाह) के साथ दिल्ली में कल बैठक है और उसमें सभी संबंधित निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को दिल्ली में होने वाली बैठक में अगली सरकार बनाने के तौर–तरीकों को अंतिम रूप दिया जाएगा। शिंदे ने कहा, ''मैं इस प्रचंड जीत के लिए एक बार फिर महाराष्ट्र के लोगों और मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाल ही में विधानसभा के दौरान व्यापक प्रचार किया। उन्होंने कहा, ''मैं अगले दिन प्रचार अभियान शुरू करने से पहले 2–3 घंटे ही सोता था। उन्होंने कहा, ''मैं हमेशा के लिए एक कार्यकर्ता हूं। मेरे लिए सीएम (चीफ मिनिस्टर) का मतलब कॉमन मैन (सीएम) होता है।

### हम लड़ते हैं, रोते नहीं हैं : शिंदे

शिंदे ने मुख्यमंत्री के तौर पर ढाई साल के कार्यकाल के दौरान समर्थन देने के लिए मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''मैंने मुख्यमंत्री बनने के छह महीने में ही महाराष्ट्र को तीसरे नंबर से नंबर 1 स्थान पर लाने के लिए काम किया। मीडिया में आई उन खबरों का हवाला देते, जिनमें कहा गया था कि वह चुनाव में महायुति की भारी जीत के बावजूद पद छोड़ने के लिए कहे जाने से नाखुश हैं, शिंदे ने कहा, ''मैं निराश नहीं हूं। हम लड़ते हैं, रोते नहीं हैं। शिंदे ने कहा, ''मैंने मुख्यमंत्री के तौर पर लोकप्रिय होने के लिए नहीं बल्कि महाराष्ट्र के लोगों के कल्याण के लिए काम किया।

भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय विधानसभा में 230 सीट जीतकर राज्य विधानसभा चुनावों में जोरदार वापसी की है। लोकसभा चुनाव में मिली हार से उबरते हुए भाजपा ने 132 सीटों पर जीत दर्ज की जो महायुति के सभी घटक दलों में सर्वाधिक है। शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार



**बलरामपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने एक और रिश्वतखोर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। नगद रुपये लेते हुए पटवारी को एसीबी की टीम ने धर दबोचा। पटवारी का नाम पवन पांडेय है और यह मामला सरगुजा संभाग के बलरामपुर का है, जहां हल्का नंबर 12 में पदस्थ इस पटवारी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के मुताबिक जमीन के रिकॉर्ड में फौती चढ़ाने और नामांतरण करने के नाम पर पटवारी ने रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता अजय पावले बताया कि वो जमीन संबंधी काम के लिए पटवारी के पास गया था, लेकिन पटवारी ने पैसे की डिमांड की। फौती चढ़ाने और नामांतरण के नाम पर पटवारी ने 12 हजार रुपये की डिमांड की थी।

अजय पावले से इस मामले में एसीबी को मिली शिकायत पर जांच हुई, तो मामला सही निकला। जिसके बाद एसीबी की टीम ने 12 हजार रिश्वत लेते पटवारी पवन पाण्डेय को गिरफ्तार किया। पटवारी अपने घर पर घूस की रकम ले रहा था। टीम अब पटवारी से पूछताछ कर रही है, और उसके घर तथा दफ्तर की भी तलाशी ले रही है।

# साय सरकार में युवाओं को लगातार मिल रहे हैं शासकीय नौकरियों के अवसर

### राज्य में अब तक विभिन्न विभागों में 8900 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में युवाओं की भर्ती का सिलसिला वृहद पैमाने पर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर अब तक लगभग 19 विभागों में 8971 पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री श्री साय की मंशानुरूप विभागों में भर्ती की प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी रहेगी।



मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर वित्त विभाग ने आज नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में 96 पद, विद्युत निरीक्षक कार्यालय में 27 और न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में वैज्ञानिक अधिकारी के 28 रिक्त पदों पर भर्ती को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तरह तीनों विभागों में कुल 151 विभिन्न पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।


नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में कुल 96 रिक्त पदों के तहत प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) और प्रबंधक (जनसंपर्क) के 1–1 पदों पर एवं सहायक अभियंता (सिविल/लो.स्वा.या) के 8, सहायक अभियंता (विद्युत), सहायक अभियंता (यांत्रिकी) तथा सहायक अभियंता (आईटी/कम्प्यूटर साइंस) के 1–1 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा सहायक योजनाकार/वास्तुकार के कुल 4, सहायक प्रोग्रामर के 3, सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के 2, उप अभियंता (सिविल/लो.स्वा.या) के 21, उप अभियंता (यांत्रिकी) और उप अभियंता (आईटी/कम्प्यूटर साइंस) के 1–1 शीघ्रलेखक (हिन्दी/अंग्रेजी) के 13, लेखापाल के 3, सहायक मानचित्रकार के 4, अनुरेखक के 4 और सहायक ग्रेड–03 के 26 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है।

इसी तरह मुख्य विद्युत निरीक्षक कार्यालय में कुल 27 पदों पर भर्ती को वित्त से स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें उपअभियंता के 13, सहायक ग्रेड–3 के 6, विद्युतकार के 5 और जांच अनुचर के 3 पद शामिल हैं। इसी तरह राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में वैज्ञानिक अधिकारी के 28 रिक्त पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन एवं पर्यावरण विभाग, उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, एनआरडीए, विद्युत विभाग अपने–अपने विभागों में भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में लगे हैं। नई भर्ती से विभागों की दक्षता में वृद्धि के साथ विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को नई दिशा एवं गति मिलेगी और छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय लगातार छत्तीसगढ़ में युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार में नए अवसर प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय भर्तियों में युवाओं के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ भी युवाओं को मिल रहा है।

# कांग्रेस पार्षद पर धोखाधड़ी का आरोप दो लोगों के खिलाफ एफआईआर




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** राजधानी रायपुर के शंकर नगर इलाके में जमीन को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। कांग्रेस के एक पार्षद और उनके सहयोगी पर जबरन जमीन कब्जा करने और धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने FIR दर्ज की है। पंडरी पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद पार्षद और उनके साथी दिनेश राठौर के खिलाफ FIR दर्ज किया।

पुलिस के मुताबिक, योगेश वार्ष्णेय नामक व्यक्ति से आरोपियों ने 5 में 2012 को जमीन खरीदने का सौदा किया था। यह जमीन शंकर नगर इलाके में विधानसभा रोड पर स्थित है। सौदे की शर्तों के तहत आरोपियों ने 45 लाख रुपए पीड़ित को दिए गए। हालांकि बाद में जमीन के ऊपर से हाई टेंशन वायर जाने की बात बोलकर सौदा कैंसल हो गया और पैसे वापस ले लिए गए।

### जमीन पर किया कब्जा और बाउंड्री वॉल निर्माण

समय बीतने के बाद जब पीड़ित योगेश अपने जमीन पर गया तो उसने देखा कि वहां पर बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है। जब योगेश ने आपत्ति जताई तब दिनेश ने जमीन को कामरान अंसारी को बेचना बताया। हालांकि अंसारी ने भी जमीन खरीदने की बात कही। इस मामले में पंडरी थाने में शिकायत की गई लेकिन FIR दर्ज नहीं हुई तो कोर्ट के माध्यम से पीड़ित ने FIR दर्ज करवाई है।




# रायपुर में होगी एकलव्य विद्यालयों की राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

### 25 राज्यों के करीब 6 हजार खिलाड़ी होंगे शामिल

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** राजधानी रायपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिताएं 15 से 19 दिसंबर तक होंगी। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ को मिली है। इन खेलों के सफल आयोजन के लिए आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन के लिए गठित राज्य स्तरीय आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। श्री जैन ने खेल प्रतियोगिताओं के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करने, खिलाड़ियों के ठहरने, आवागमन, खेल स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली पानी सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के छात्रों की खेल प्रतिभा को पहचानना, निखारना एवं प्रोत्साहित करना है, ताकि उन्हें विभिन्न मंचों पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिले और खेल–कूद की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए उनकी प्रतिभा को एक नया आयाम प्रदान किया जा सके। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में करीब 23 खेलों का आयोजन होगा। इनमें तीरंदाजी (आर्चरी), एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, शतरंज (चेस), जिमनास्टिक, जूडो, योग, टेनिस, निशानेबाजी (शूटिंग), तैराकी (स्वीमिंग), टेबल टेनिस, ताईक्वाण्डो, भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग), कुश्ती (रेसलिंग) फ्रीस्टाईल, बास्केटबॉल, फुटबाल, हैंडबाल, हॉकी कबड्डी, खो–खो, एवं व्हालीबाल शामिल है। खेल प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत एवं युगल के 15 तथा 7 सामूहिक खेलों का आयोजन होगा। राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं राजधानी रायपुर में स्थित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं एवं खेल विभाग के खेल मैदानों में होगी। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के करीब 6 हजार खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगियों का पंजीयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों की करीब 26 समितियां गठित कर ली गई है।

# प्रदेश में बर्फीली हवाओं का असर, पड़ रही कड़ाके की ठंड

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर छत्तीसगढ़ में भी दिखने लगा है। जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में जारी बर्फबारी से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में ठंड बढ़ गई है। उत्तरी जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है।



विशेषज्ञों का कहना है कि अगर उत्तरी हवाओं की रफ्तार बढ़ी, तो दिसंबर के पहले सप्ताह से प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो सकता है, जो पूरे महीने जारी रह सकता है। जो पूरे महीने बना रहेगा।

### दिन-रात के तापमान में बड़ा अंतर

मौसम का बड़ा बदलाव दुर्ग में दिन का पारा 30.4 डिग्री सामान्य से अधिक और रात का पारा 11.4 डिग्री समान्य से 5.8 डिग्री तक गिर गया है।

### आने वाले दिनों का हाल

बुधवार को रायपुर में आसमान साफ रहने की सांभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 29 डिग्री और 14 डिग्री के आसपास रहने की सांभावना है। आगामी दो दिनों में छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, साथ ही वातावरण के मध्य स्तर में नमी आ रही है। सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में 29 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में गिरावट लगातार जारी रह सकता है।


प्रतिदिन राजधानी
दैनिक सुबह का अखबार

उचित दर पर अपना विज्ञापन प्रकाशन के लिए

नाम परिवर्तन विज्ञापन
(Name Change Advertisement)

जो सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में काम आता है

व्हॉट्सअप या कॉल करें :-
6262904444
9806044444
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, मंदिर हसौद, जिला– रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2024
मंदिर हसौद, दिनांक 26.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को द्रवित किया जाता है. कि आवेदक धलुराम पटेल पिता फेरहाराम निवासी पुनरेठी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम–पुनरेठी प.ह.नं.12 तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक के माता परग नहील की मृत्यु दिनांक 26/10/2024 को हो गया है। आवेदक के द्वारा जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 10/12/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**
मुहर

---

न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र202411115300010 /अ-6 अ/वर्ष 2024-25
ग्राम-लखौली प.ह.नं.33

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. आवेदक रमेश कुमार सेन पिता जिवराखन सेन एवं अन्य 03 निवासी ग्राम लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग.द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि, ग्राम लखोली प.ह.नं.33 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 862/2, 864/1 रकबा 0.31, 0.40 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.71 हे. भूमि जिवराखन पिता कंवली सेन के नाम पर राजस्व भू अभिलेख में दर्ज है। वसीयतकर्ता जिवराखन पिता कंवली सेन द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06/09/2023 को आवेदकगण वसीयत प्राप्तकर्ता गण के पक्ष में पंजीकृत बनाम निष्पादित किया है। वसीयतकर्ता जिवराखन पिता कंवली सेन की मृत्यु दिनांक 26.06.2024 को हो चुका है। उपरोक्त वर्णित भूमि को वसीयतनामा के आधार पर वसीयत प्राप्तकर्तागण अपने नाम में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो भुईया मद/06 में दर्ज हो कर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः एव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायाल में दिनांक 06/12/2024 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**आरंग (छ.ग.)**
मुहर

---

न्यायालय नायब तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202411112500001 /अ-6 अ/वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 05.11.2024 ग्राम- आरंग प.ह.न. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (केता) बालक दास ढीढी पिता गणेशू राम ढीढी निवासी बरबसपुर तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 3786/4/क/1 का रकबा 0.4393हे. का भाग 1800 वर्गफुट भूमि को विक्रेता महेन्द्र कुमार पिता विष्णु प्रसाद, सुनील कुमार पिता केशवराम बंदे के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि को आवेदक (केता) बालक दास ढीढी पिता गणेशू के नाम पर विकय विलेख निष्पादित किया गया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 10/10/2024 को विकय विलेख के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भुईया मद से दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 28.11.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं गया।

**तहसीलदार**
**आरंग (छ.ग.)**
मुहर

---

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –01 सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई–मेल–eocghbzone1@gmail.com

**आम–सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा जनता कॉलोनी, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवन योजना में से भवन/भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.–113, श्री वी. टी. मुलकलवार पिता श्री टी. जी. मुलकलवार को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 07.07.1994 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 05.08.2012 उनकी पत्नि श्रीमती सिंधु मुलकलवार की मृत्यु दिनांक 22.04.2021 को हो जाने के कारण उनके पुत्रगण 1. श्री विनोद मुलकलवार 2. श्री मनोज मुलकलवार दोनों के पिता स्व. वी. टी. मुलकलवार द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों (1. श्रीमती संध्या विनोदराव बोटकवार पति श्री विनोदराव बोटकवार 2. श्रीमती मेघा माणिकरव पित्तुले पति श्री माणिकराव पित्तुले) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड 1. श्री विनोद मुलकलवार 2. श्री मनोज मुलकलवार दोनों के पिता स्व. वी. टी. मुलकलवार के संयुक्त नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771–4903223
email ID-eocghbzone02@gmail.com

**//आम–सूचना//**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अवंति विहार तेलीबांधा, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक–98, ब्लॉक–07, भूतल, श्री अशीष वसंत जंगले पिता स्व.श्री वसंत दयाराम जंगले पता–ई.डब्ल्यू.एस.–207 न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक–53 दिनांक 14.06.2010 को नामांतरित है। नामांतरी द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक– 5769 दिनांक 28.06.2019 द्वारा आवश्यक अनुमति प्राप्त कर उक्त फ्लैट को क्रेता श्री अनुज वर्मन पिता श्री एस.आर. वर्मन के नाम पर दिनांक 02.07.2011 को विक्रय कर दिया है। अतः क्रेता श्री अनुज वर्मन पिता श्री एस.आर. वर्मन पता–रिद्धी–सिद्धी अपार्टमेंट खम्हारडीह, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस कार्यालय में उक्त फ्लैट को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./15990/न.पा.नि./ जोन क्र.–8/2024
रायपुर, दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15990**
वार्ड का नाम –20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802C00629** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BINDU SINGH W/O RAMPRASAD SINGH , RAMPRATAP SINGH , ABHISEKH SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **LT. HARIHAR SINGH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **Rachna Tiwari** पिता/पति श्री/श्रीमती **Mukesh Tiwari** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. 8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./16040/न.पा.नि./ जोन क्र.–8/2024
रायपुर, दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 16040**
वार्ड का नाम –20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802D02097** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Manidhari Builders And Developers** पिता/पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **Hitesh Jain** पिता/पति श्री/श्रीमती **Ramawtar Jain** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. 8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)**

---

## जिले में अब तक 23914.80 क्विंटल हुई धान की खरीदी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले में निरंतर जारी है और अब जिले के उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक लगातार बढ़ने लगी है। जिले में अब तक 23914.80 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। आज कुनकुरी विकासखण्ड के सेन्द्रीमुण्डा निवासी कृषक गणेश यादव अपना धान बेचने धान उपार्जन केन्द्र नारायणपुर पहुचे। उन्होंने बताया कि नारायणपुर मंडी में व्यवस्था बहुत अच्छा है इससे देख कर मुझे खुशी हुई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ शासन ने वादा किया था उसी प्रकार धान खरीदी हो रही है और आज खरीदी केन्द्र में मुझे स्वागत कर मिठाई खिलाकर धान बेचने में सहयोग किया गया। किसान यादव ने केन्द्र में सुन्दर व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया है। इसी प्रकार गम्हरिया धान मंडी में अपना धान बेचने हर साल आने वाले जुरतेला के किसान ने मंडी पहुंचकर अपना धान बेचा।

# प्रदेश का एकमात्र वनधन केन्द्र दुगली जहां एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार

### सफलता की कहानी वनधन विकास केन्द्र दुगली में महिलाओं को मिल रहा वर्षभर रोजगार



धमतरी,प्रतिदिन राजधानी

प्रदेश का एकमात्र वनधन केन्द्र दुगली जहां एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार प्रदेश का एकमात्र वनधन केन्द्र दुगली जहां एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार प्रदेश का एकमात्र वनधन केन्द्र दुगली जहां एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार प्रदेश का एकमात्र वनधन केन्द्र दुगली जहां एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार प्रदेश का एकमात्र वनधन केन्द्र दुगली जहां एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट किया जाता है तैयार वनधन योजना का प्रमुख काम आदिवासी लोगों के लिए आजीविका सृजन को लक्षित करना और उन्हें उद्यमियों में बदलना है। इसके अलावा वनाच्छादित क्षेत्रों में वनधन विकास केन्द्रों के स्वामित्व वाले जनजातीय समुदाय को स्थापित करना है, ताकि वन उपज के लिए प्राथमिक प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और जनजातियों के लिए रोजगार उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री वनधन विकास योजनान्तर्गत वनांचल नगरी के दुगली स्थित वनधन विकास केन्द्र वर्ष 2018 से संचालित है। इसके जरिए समूह की महिलाओं को महिलाओं को पूरे वर्षभर कार्य मिल जाता है। इसके अलावा समय–समय पर जब कार्य अधिक होता है, तो अन्य समूह की महिलाओं को भी बुलाया जाता है। वनधन विकास केन्द्र दुगली में कुल 22 प्रकार की सामग्रियां तैयार की जातीं हैं, इनमें से 15 प्रकार की औषधि एवं खाद्य सामग्री का निर्माण शामिल है, जिसका आयुष एवं खाद्य विभाग से लायसेंस भी मिला है। यहां वर्ष 2023 से एलोविरा का उत्पाद साबून, शैम्पू, मोस्चराईजर, बॉडीवॉश आदि तैयार किया जा रहा है, जिसका ड्रग एवं कॉस्मेटिक विभाग से लायसेंस मिला है। प्रदेश में एकमात्र वनधन विकास केन्द्र दुगली है, जिसमें एलोवीरा का प्रिमियम प्रोडक्ट तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त यहां का तिखूर अच्छी गुणवत्ता का तैयार किया जाता है। इन उत्पादों को बेहतर गुणवत्तायुक्त तैयार करने के लिए समय–समय पर विशेषज्ञों द्वारा महिला समूहों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। भारत सरकार ट्राइबल विभाग द्वारा वर्ष 2021 में वनधन विकास केन्द्र दुगली को प्रदेश में अधिक संग्रहण के लिए अवार्ड भी प्रदाय किया गया है। इस वनधन केन्द्र कों मशीनरी एवं तकनीकी सहयोग भी मिल रहा है, जिससे केन्द्र दिनों दिन प्रगति कर रहा है। यहां 22 प्रकार के उत्पाद एलोवीरा जूस, साबून, बॉडी वॉश, शैम्पू, जेल, मोस्चराईजर, हेयर कंडीशनर के साथ ही आंवला कैंण्डी, आंवला जूस, आंवला चूर्ण, बेहड़ा पावडर, त्रिफ्ला चूर्ण, शतावर चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, अर्जुन चूर्ण, जामुन गुठली चूर्ण, कालमेघ चूर्ण, तिखुर पावडर, बैचांदी चिप्स, माहुल पत्ता, शीशल रस्सी और शहद निर्मित किया जाता है।

# संघर्ष से परिवर्तन तक सरोज की यात्रा



धमतरी,प्रतिदिन राजधानी

हैण्डपम्प वनांचल नगरी विकासखण्ड के 15 घरों वाला छोटा सा गांव केकराडोंगरी एक ही हैण्डपम्प पर निर्भर था, जो कि अक्सर खराब रहता था। इसी गांव की 40 वर्षीय उत्साही महिला सरोज मरकाम बतातीं हैं कि उनके गांव में पानी को लेकर लंबी कतारें और विवाद आम बात थी, खासकर गर्मियों में जब जलस्त्रोत सूख जाते हैं। सरोज कहतीं हैं कि वह सूर्योदय से पहले उठती थी कि उसके परिवार को दिरभर के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। हैण्डपम्प तक का सफर, शारीरिक रूप से थका देने वाला और बोझ के कारण अक्सर उसके पास अपने खेत अथवा बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करने बहुत कम समय बचता था। स्वच्छ पेयजल एक विलासिता थी और दूषित पानी से होने वाली बीमारियां अक्सर होती थीं, जीवन एक अंतहीन संघर्ष जैसा महसूस हुआ। ऐसे में जल जीवन मिशन के तहत परिवर्तनकारी सौर आधारित जल योजना आई। इस कार्य के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी गांव पहुंचे और हर घर में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान करने के लिए सौर पैनल स्थापित किए और पाईपलाईन बिछाई। स्वच्छ पानी तक पहुंच के साथ सरोज का जीवन बदल गया। उसकी सुबह अब हैण्डपम्प पर जाने से नहीं कटती थी। इसकी बजाय वह खेती पर ध्यान केन्द्रित कर सकती थी। गांव के बच्चों के पास अब पानी ढोने के बोझ से मुक्त होकर पढ़ाई और खेलने के लिए अधिक समय था। जलजनित बीमारियों में कमी आने से स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ। केकराडोंगरी की महिलाओं ने पानी लाने के अपने कठिन कर्तव्यों से मुक्त होकर रसोई, बागवानी और छोटे पैमाने जैसे नए अवसरों की खोज शुरू कर दी। सरोज अक्सर इस बदलाव पर विचार करती है, उसका हृदय कृतज्ञता से भर जाता है। वह कहती है, '' यह सिर्फ पानी नहीं है, यह हम सभी के लिए जीवन, सम्मान और उज्जवल भविष्य है।

# ऑनलाईन टोकन और इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से धान विक्रय करना हुआ आसान : चन्द्रशेखर

राजनांदगांव,प्रतिदिन राजधानी

राज्य शासन के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने एवं धान उपार्जन केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं और पारदर्शितापूर्वक तौलाई एवं शीघ्र भुगतान से जिले के किसानों में खुशी है। जिले के किसान अपने–अपने क्षेत्र के धान उपार्जन केन्द्र में अपनी उपज को विक्रय करने के लिए उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र सोमनी में ग्राम अचानकपुर भाटापार के किसान चन्द्रशेखर निषाद ने बताया वे 45 क्विंटल धान विक्रय करने आए हैं। इससे पहले वे 52 क्विंटल धान का विक्रय कर लिया है। जिसका भुगतान विक्रय करने के दूसरे दिन ही खाते में राशि अंतरण की सूचना मोबाईल में आए एसएमएस के माध्यम से मिल गई। चन्द्रशेखर ने बताया कि वे दोनों बार टोकन हमर हाथ एप्प के माध्यम से घर बैठे टोकन कटाया था, जिससे उन्हें धान विक्रय करने में आसानी हुई है। टोकन कटाने के लिए धान उपार्जन केन्द्र का चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ी।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए अभियान की शुरूवात




दुर्ग,प्रतिदिन राजधानी

भारत सरकार केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी द्वारा आज विज्ञान भवन दिल्ली से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बाल विवाह रोकथाम और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में समाज के हर वर्ग को शामिल कर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ सशक्त कदम उठाने का संदेश दिया गया। संपूर्ण राज्य की भांति जिले दुर्ग में भी बाल विवाह मुक्ति हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी के परिपालन में समस्त विद्यालयों एवं पंचायतों में बच्चों एवं ग्रामीणजनों को बाल विवाह मुक्ति हेतु शपथ दिलाई जा रही है, इस संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पाटन स्थित ऑडिटोरियम में दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा पाटन में समस्त विद्यालयों के प्राचार्य तथा संकुल समन्वयकों को बाल विवाह मुक्त अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पाटन श्री लवकेश ध्रुव, परियोजना अधिकारी पाटन सुमीत गंडेचा उपस्थित थे। दुर्ग जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में जन प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सभा के दौरान बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने की शपथ ली गई।

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 02)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 15952/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15952**
**वार्ड का नाम-26 दानवीर भामाशाह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 26 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR109B00703** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **URMILA DEVI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LT. RAJESH CHAND SONI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्री कामता प्रसाद साहू पिता / पति श्री/श्रीमती पिता रामशरण साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 15949/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15949**
**वार्ड का नाम-11-कालीमाता वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR330B00138** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. PRAVINA RATCH** पिता/पति श्री/श्रीमती **KANTILAL RATCH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री बजरंग लाल छाजेड़ पिता/पति श्री/श्रीमती पिता भोमराज छाजेड़ ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 15950/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15950**
**वार्ड का नाम-11-कालीमाता वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR330D00018** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAKSUDAN LAL CHANDRAKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री चंद्रशेखर चन्द्राकर पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. मकसुदन लाल चन्द्राकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत वसीयत नामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 15951/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15951**
**वार्ड का नाम-30-शंकर नगर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR332A00048** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHISHUPAL SINGH RAJPUT** पिता/पति श्री/श्रीमती **JAGDISH SINGH RAJPUT** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री धर्मेन्द्र महोबिया पिता/पति श्री/श्रीमती पिता खेदूराम महोबिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 15954/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 15954**
**वार्ड का नाम-11-कालीमाता वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR229H00102** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GULSHAN GAMBHIR** पिता/पति श्री/श्रीमती **MADAN LAL GAMBHIR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री एस श्रीधर पिता/पति श्री/श्रीमती पिता एस नागेश्वर राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 04)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. /16007/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2024
रायपुर दिनांक 26/11/2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 16007**
वार्ड का नाम–46 मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR741A00178** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JIVAN LAL MAHESHWARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. ISHWAR LAL MAHESHWARI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती परमानंद नवानी पिता / पति श्री/श्रीमती मोट्रमल नवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)
:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 15698/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 14/11/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 15698**
वार्ड का नाम– 63 शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR455J00006** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ROHIT SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **NARENDRA KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **DEEPAK PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **REWARAM PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **Malma Bikrinama & Shapath Patr** / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 06)
:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 16012/न.पा.नि./ जोन क्र.–06/2024
रायपुर, दिनांक 27/11/2024

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 16012**
वार्ड का नाम– 61 श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. **RPR663P00174** जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **YOGESH KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **VIJENDRA SINGH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **BHARTI PANDEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE RITESH PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्र. 6**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

# तमोर पिंगला टायगर रिजर्व में गूंजेगी रेस्क्यू किए गए बाघ की दहाड़

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर से रेस्क्यू किए गए नर बाघ की दहाड़ अब गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व में गूंजेगी। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू बाघ किए गए इस बाघ को आज सुरक्षित तरीके से गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में छोड़ दिया गया। गुरू घासीदास तमोर पिंगला छत्तीसगढ़ का नया टायगर रिजर्व है। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार वनमंडल के कसडोल तहसील में बीते 8 माह से बारनवापारा वन क्षेत्र में विचरण कर रहे एक नर बाघ के कसडोल तहसील के ग्राम कोट पहुंच जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी। वन विभाग का अमला आवश्यक रेस्क्यू सामग्री तथा वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारियों सहित मौके पर तत्काल पहुंचकर कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर से उक्त बाघ को रेस्क्यू किया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के निर्देश पर उक्त नर



बाघ को आज प्रात: 8 बजे नवगठित गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर, वन संरक्षक (वन्यप्राणी) क्षेत्र संचालक, एलीफेंट रिजर्व सरगुजा, संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर, उप निदेशक एलीफेंट रिजर्व सरगुजा, कानन पेंडारी-जू के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. के चंदन, गुरु घासीदास तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत पाण्डेय, सहायक संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर, अधीक्षक तमोर पिंगला अभ्यारण्य, अधीक्षक सेमरसोत अभ्यारण्य, क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य श्री गौरव निहलानी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू किए गए बाघ को आज सुरक्षित तरीके से गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए ही भारत सरकार की ओर से 'गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व' के रूप में एक नया टायगर रिजर्व घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि टायगर रिजर्व देश का 56वां टायगर रिजर्व है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की सलाह पर छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को अधिसूचित किया। कुल 2829.38 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस बाघ अभयारण्य में 2049.2 वर्ग किलोमीटर का कोर/ क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट शामिल है, जिसमें गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व और असम के मानस टाइगर रिजर्व के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम में वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग सेल की हुई बैठक

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर डाटा सेंटर के वीडियो कांफ्रेंस हाल में रायपुर जिला वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग सेल की बैठक निगम मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, डी. के. पैकरा, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु, उप अभियंता रमेश पटेल सहित बिरगांव नगर पालिक निगम, रायपुर आरटीओ कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, नगर निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग,



स्वच्छ भारत मिशन शाखा, उद्यान विभाग के प्रतिनिधि अधिकारियों की उपस्थिति में हुई. बैठक में 15 वें वित्त आयोग मद के वायु गुणवत्ता सुधार के कार्यों की जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. बैठक में नगर निगम लोक कर्म विभाग के अभियंताओं को सड़कों की मरम्मत एवं सुधार के कार्य करने, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सफाई और खुले में कचरा जलाने पर कार्यवाही करने, आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही करने, 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को नागरिकों को प्रदूषण नियंत्रण हेतु सहभागिता देने प्रोत्साहित कर शीघ्र पुराने वाहनों को स्क्रेप करवाने, पर्यावरण संरक्षण मण्डल के अधिकारियों को शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगातार जनजागरण अभियान चलाकर कार्यवाही करने।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने संविधान दिवस मनाया

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने विधि और न्याय मंत्रालय के प्रो बोनो क्लब और कलिंगा विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के सहयोग से 75वें संविधान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और देश के कानूनी ढांचे को आकार देने में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ की पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, तथा हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर और यूजी कार्यक्रमों के अधिष्ठाता डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत विधि विभाग की प्रमुख श्रीमती सलोनी त्यागी श्रीवास्तव के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और कलिंगा विश्वविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री हर्षा शर्मा ने प्रेरणादायी भाषण दिए, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान अपना समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक आयोजन




डॉ. अंजू हरबंश, सुश्री एकता चंद्राकर और कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय की सहायक प्रोफेसर सुश्री अंशिका वत्स द्वारा किया गया। एजेंडे में संविधान के महत्व, आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता तथा संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखने में कानूनी पेशेवरों और छात्रों की भूमिका पर आकर्षक चर्चाएं शामिल थीं। इस सत्र में कानूनी जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता पर जोर देकर समारोह को और समृद्ध बनाया गया, जो कानूनी शिक्षा को बढ़ावा देने और न्याय को बनाए रखने के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली । कार्यक्रम का समापन विधि संकाय की सुश्री हरलीन कौर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे उपस्थित लोग साझा की गई अंतर्दृष्टि से प्रेरित हुए तथा उन्होंने भारत के संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# सड़कों पर ट्रैफिक बाधित करने पर वालों के खिलाफ सख्ती के साथ हुई कार्रवाई

- जिला प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम का गठन
- पुलिस प्रशासन ने जब्त किए दो ऑटो एवं 4 ठेले
- मेकाहारा चैक से स्टेशन तक कार्रवाई के लिए निकली टीम, समझाइश भी दी गई

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी



रायपुर शहर की सड़कों पर ट्रैफिक्र बाधित करने वाले सड़क किनारे खड़े वाहनों एवं ठेलों पर अब कार्रवाई होगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है। यह टीम सड़कों के किनारे खड़े वाहनों और अतिक्रमण पर कार्रवाई करेगी। आज से शुरू हुए कार्रवाई में पुलिस ने दो ऑटो को जब्त किया है। वहीं नगर निगम की टीम ने 4 ठेलों को अंबेडकर चैक के पास से जब्त किया है। साथ ही अन्य वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई। जिन-जिन स्थानों पर अवैध तरीके से पार्किंग होने पर यातायात बाधित हो रहा है, उन स्थानों पर भी कार्रवाई की गई है।

सड़कों के किनारे वाहन खड़े होने और अतिक्रमण होने की वजह से सड़कें सकरी हो रही है। इस वजह से सुबह और शाम के समय में शहर में यातायात बाधित हो रहा है। इस यातायात बाधित होने की वजह से जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। साथ ही जहां बड़े-बड़े बेसमेंट में पार्किंग पर अवैध तरीके से गोदाम बनाया गया है, उन पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। साथ ही गोदाम में कचरा फैलाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी संतोष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। यह टीम प्रतिदिन यातायात बाधित होने वाले सड़कों पर पहुंचेगी और कार्रवाई करेगी। आज कार्रवाई के दौरान डीएसपी गुरजीत सिंह एवं नगर निगम की टीम उपस्थित रहे।

# स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज का आगमन हुआ शिवरीनारायण मठ में



- संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन में व्यास पीठ पर विराजित होंगे

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

अयोध्या धाम से चलकर अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज अपने सहयोगियों सहित शिवरीनारायण मठ पहुंचे?। यहां वे संगीतमय श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन कार्यक्रम में व्यास पीठ पर विराजित होंगे। शिवरीनारायण आगमन पर मठ मंदिर प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने मंच की बनावट एवं साज सज्जा पर प्रसन्नता व्यक्त की।महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के साथ भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित होकर दर्शन पूजन करके उन्होंने नवीं शताब्दी से विराजित भगवान चंद्रचूड़ महादेव का भी दर्शन पूजन किया।उल्लेखनीय है कि श्री शिवरीनारायण मठ में दिनांक 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक संगीतमय में श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक वर्ष की तरह किया गया है, 6 दिसंबर को श्री सीताराम विवाह महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जावेगा। कथा का समय प्रत्येक दिन सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तथा अपराह्न 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित है। यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन प्रसाद एवं आवास की व्यवस्था की गई है। महाराज श्री के आगमन के अवसर पर विशेष रूप से राघवेंद्र प्रताप सिंह,बृजेश केसरवानी, सुखराम दास, प्रतीक शुक्ला, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नगरीकरण उपस्थित थे।

# रायपुर में स्वास्थ्य कैंप लगाकर 1248 मरीजों का नि:शुल्क उपचार



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर शहर में संचालित 15 चलित चिकित्सा ईकाई के माध्यम से आज रायपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाकर 1248 मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया, इसमें 1083 मरीजों को दवा वितरण किया गया और 629 मरीजों का लेब टेस्ट कराया गया. राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना में निम्न आय वर्ग एवं गरीब तबके के लोग, जो पैसों की कमी के कारण अपना उपचार नहीं करवा पाते थे, ऐसे लोगों नि:शुल्क उपचार एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकत्सकीय परामर्श की व्यवस्था उनके रहवासी क्षेत्र के समीप सहजता से उपलब्ध हो रही है, जिससे मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शहर में निम्न आय वर्ग के जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से व्यवहारिक तौर पर अत्यंत लाभप्रद है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ रायपुर शहर क्षेत्र में सहजता एवं सरलता से आमजनों को उपलब्ध हो रहा है.

### मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सुगमता से हो रही धान की खरीदी

# छत्तीसगढ़ में अब तक 13.48 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में धान 14 नवम्बर सें शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 13.48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 2.89 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 2649 करोड़ 11 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस




खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 27 नवम्बर को 46285 किसानों से 2.07 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 52360 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 50 हजार से अधिक टोकन जारी किए गए हैं।

# ईवीएम को लेकर कांग्रेस लोकतंत्र और न्यायपालिका का खुला मखौल उड़ा रही : भाजपा

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ईवीएम को लेकर कांग्रेस के रुख को लेकर तीखा हमला बोला है और इसे सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की खुली अवहेलना बताया है। इससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति कांग्रेस के लोगों में जरा भी सम्मान नहीं है और देश में संविधान रक्षक अभियान चलाकर कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक नौटंकी करने में लगी है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस 'दो-गलेपन' का प्रदर्शन कर रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कवासी लखमा ने एक बार फिर बैलेट पेपर से मतदान की मांग करके




और यह कहकर कि, ईवीएम से आगामी विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस इलेक्शन नहीं लड़ेगी, यह बता दिया है कि कांग्रेस को न तो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भरोसा है और न ही देश की सर्वोच्च अदालत के फैसले के प्रति सम्मान है। लखमा का यह बयान कांग्रेस के असली राजनीतिक चरित्र का ही परिचायक है। श्री शर्मा ने इसी संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर भी निशाना साधा और कहा कि बैज को यह स्पष्ट करना होगा कि क्या प्रदेश कांग्रेस लखमा के बयान से इत्तेफाक रखती है? क्या इस अक्षम्य बयानबाजी के लिए लखमा पर कांग्रेस नेतृत्व कोई कड़ी कार्रवाई करने की हिम्मत जुटाएगा? लखमा के बयान पर बैज सिर्फ यह कहकर अपना पल्ला नहीं झाड़ सकते कि 'कांग्रेस गठबंधन सहयोगियों से बात करेगी और आंदोलन किया जाएगा। चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए। ईवीएम से चुनाव लड़ना है या नहीं, हाईकमान तय करेगा।' श्री शर्मा ने कहा कि बैज और लखमा घुमा-फिराकर 'दो गले' से एक ही बात कहकर देश के संसदीय प्रजातंत्र, न्यायपालिका और संविधान का एक तरफ खुला मखौल उड़ा रहे हैं और दूसरी तरफ संविधान की दुहाई देकर झूठा नैरेटिव चला रहे हैं। जबकि कांग्रेस अच्छे से जानती है कि श्वङ्करू की शुरुआत उनके ही कार्यकाल के समय हुआ था। 2004 से लेकर 2014 तक लगातार 10 वर्ष केंद्र में श्वङ्करूसे चुनकर ही कांग्रेस ने शासन चलाया और 2018 के बाद 5 साल से श्वङ्करू से ही चुनकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आई बावजूद कांग्रेस के इस 'दो-गलेपन' के चलते छत्तीसगढ़ समेत देशभर में कांग्रेस विलुप्त होने के कगार पर है।

# महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं की मन स्थिति और शिक्षकों की भूमिका

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय गांधी चौक एवम दिशा कॉलेज रायपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सँयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवाओं की मन: स्थिति और शिक्षकों की भूमिका पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ इस संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के तौर पर आईपीएस अकैडमी इंदौर के डायरेक्टर प्रोफेसर राम शर्मा शामिल हुए वहीं आयोजन में दिशा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल तिवारी एवं महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी की विशेष उपस्थिति रही आयोजन में उन्होंने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में सभी लोगों को यह प्रयास करनी चाहिए की प्राम्भ से ही समाधान की तरफ बढ़े और सफलता का हिस्सा बन सके क्योंकि वास्तविकता, झूठ पर भारी होती है 7 उनका कहना था कि यह संसार ऐसे गुरुओं से भरा पड़ा है




जिनसे प्रेरणा लेकर युवाए प्रेरित हो सकते है राम शर्मा ने कहा कि प्रेम, पैसा और भोजन का अपना महत्व है और तीनों एक दूसरे के पूरक है 7 उन्होने चाणक्य नीति के सूत्रों को भी बखूबी व्याख्यान में प्रस्तुत किया और धर्म और कर्म के यथार्थ को चित्रित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया । उन्होंने क्रिकेटर यशस्वी जयसवाल, ऋषभ पंत, धावक हुसैन बोल्ट फुटबॉल खिलाड़ी, जेनेदिक जिदान, गौतम ऋषि, दंतेवाड़ा जिला दंडाधिकारी जयंत नाहटा, भिलाई के राजेश पटेल के संघर्षों की कहानी को व्यख्या की और बताया कि किस तरह से उपरोक्त सभी दिग्गज लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहे हैं और सफलता हासिल की है इसीलिए यह कहना गलत नहीं है की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती उन्होंने कहा की वैल्यू से चिपका हुआ युवा ही असल युवा है7 हर सफलता पर एक विचार मौजूद होता है जिसे आत्मसात करना चाहिए क्योंकि संघर्ष से ही निखरने की प्रक्रिया आरंभ होती है तप कर ही सोना बना जा सकता है 7 शिक्षको पर केंद्रित करते हुए प्रोफेसर राम शर्मा ने कहा शिक्षक मर्यादित भूमिका में रहे तो बेहतर होगा जजमेंटल होना जरूरी नहीं है । शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारों से बांधे रखें तो आने वाला समय सुखद और उज्जवल होगा जो युवा धैर्य नहीं छोड़ता है, वे अपनी जड़ से जमे हुए रहता है एवम सफलता को प्राप्त करता है आयोजन में दिशा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल तिवारी ने भी उद्बोधन रखें और स्मार्ट की व्याख्या की । बिना विचार के आगे बढ़ाना कठिन होता है विद्यार्थी को श्रावक होना चाहिए श्रोता नहीं होना चाहिए तभी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं 7 कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी ने भी आयोजन के उद्देश्यों को स्पष्ट किया और विषय पर बातचीत रखी और कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तभी सम्भव है जब वे अध्ययन के अतिरिक्त अन्य सभी पाठ्येत्तर कार्यक्रमो में हिस्सा ले कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रो प्रीतम दास ने किया ।

# विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि अधिक विनाशक

निरंतर अधिक विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि के कारण हिंसा की प्रवृत्तियां अधिक विनाशक रूप ले रही हैं। छोटे-बड़े विभिन्न तरह के विनाशकारी हथियारों के तेज प्रसार में विश्व के हथियार उद्योग की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यह एक मोटे मुनाफे का उद्योग है जिसमें भ्रष्टाचार या अन्य उपायों से राजनीति को प्रभावित करने की भारी क्षमता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने विभिन्न उद्योगों की इस आधार पर रैंकिंग की थी कि सबसे अधिक रित कौन सा उद्योग देता है। इसमें हथियार उद्योग को दूसरा स्थान मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा जनरल एकाउंटिंग ऑफिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व के सब तरह के व्यापार में 50 प्रतिशत रित देने के मामले हथियार के व्यापार से जुड़े होते हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट ने अनुमान प्रस्तुत किया है कि जितने मूल्य का सौदा होता है, उसका कम से कम 10 प्रतिशत तो रित में जाता है। यह 10 प्रतिशत भी अरबों डॉलर का मामला है।

हथियारों की बिक्री से जुड़े भ्रष्टाचार की बड़ी राशि प्रायः चोरी-छिपे विदेशी खातों में जमा की जाती थी, पर इसका खुलासा हो जाने के डर के कारण अब इसमें बदलाव आ रहा है, और ऐसे उपाय खोजे गए हैं, जिनसे इस भ्रष्टाचार को दबाना और सुनिश्चित हो सके। टैंक, बड़ी तोपों, लड़ाकू जहाज, पनडुब्बी आदि के कारोबार में बहुत साधन-संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां लगी हैं, जिनकी पहुंच सीधी सत्ता के गलियारों में है। ये कंपनियां सत्ताधारियों को इस तरह प्रभावित करती हैं कि अरबों डॉलर के उनके सौदे होते रहें, फिर चाहे इस कारण विश्व का वर्तमान और भविष्य अत्यधिक असुरक्षित ही क्यों न हो जाए। इन कंपनियों और इनके दलालों के असर के कारण निशस्त्रीकरण के वे प्रयास आगे नहीं बढ़ पाते हैं जिनकी विश्व को बहुत जरूरत है। विश्व के अधिकांश जनसाधारण एक दूसरे से अमन-शांति से रह सकते हैं, पर हथियारों से जुड़े निहित स्वार्थ और इनके गठजोड़ के राजनीतिज्ञ ऐसी असुरक्षा फैलाते हैं कि जिसमें महंगे हथियार बहुत जरूरी प्रतीत होते हैं।

विश्व के सबसे विनाशकारी हथियारों को नियंत्रित करने के अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढने् के स्थान पर पीछे जा रहे हैं यानी इनका असर पहले से और कम हो रहा है। दूसरी ओर, तरह-तरह के छोटे और हल्के हथियारों में भी ऐसे तकनीकी बदलाव आते रहे हैं जिनसे इनकी विनाशक क्षमता बढ़ जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई %हिंसा एवं स्वास्थ्य पर विश्व रिपोर्ट' के अनुसार, अधिक गोलियों की अधिक तेजी से, अधिक शीघ्रता से और अधिक दूरी तक फायर करने की क्षमता बढ़ी है, और इसके साथ ही इन हथियारों की विनाशकता भी बढ़ी है। एके-47 में तीन सेकंड से भी कम समय में 30 राउंड फायर करने की क्षमता है, और प्रत्येक गोली एक किमी. से भी अधिक की दूरी तक जानलेवा हो सकती है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसी भी अन्य हथियार की अपेक्षा छोटे हथियार अधिक लोगों को मारने, घायल करने, विस्थापित करने, उत्पीड़ित करने, अगवा करने और रेप करने के लिए उपयोग होते हैं.इस समय विश्व में लगभग 64 करोड़ छोटे हथियार हैं। लगभग 60 प्रतिशत छोटे हथियार सैन्य और पुलिस दलों से बाहर के क्षेत्र में हैं। केवल सेनाओं के उपयोग के लिए एक वर्ष में 14 अरब गोलियों का उत्पादन किया जाता है-यानी विश्व की कुल आबादी की दोगुनी गोलियों का उत्पादन। अधिक विध्वंसक हथियारों की उपलब्धि ऐसे दौर में बढ़ रही है जब कई कारणों से हिंसक प्रवृत्तियां भी बढ़ रही हैं। इस तरह एक ओर अधिक खतरनाक हथियारों की मांग बढ़ रही है तो दूसरी ओर उनके अधिक वास्तविक उपयोग और इस कारण होने वाले विनाश की आशंका भी बढ़ रही है। हथियारों पर होने वाले बढ़ते खर्च के कारण अनेक देशों में लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने की क्षमता कम होती है।

अरबों डॉलर के हथियारों के सौदे होते हैं जबकि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा साफ पेयजल तक से वंचित रह जाता है या कुपोषण से पीड़ित होता है। दुनिया में विभिन्न स्तरों पर निशस्त्रीकरण के अभियान को तेज करने की जरूरत है ताकि हथियारों और गोला-बारूद की मांग, उत्पादन, उपलब्धि और वास्तविक उपयोग विभिन्न स्तरों पर काम हो सके। विश्व स्तर पर खतरनाक हथियार के विरुद्ध अनेक अभियान हाल के वर्षो में सक्रिय रहे हैं। ऐसे कुछ अभियानों के प्रयासों से विश्व स्तर पर कुछ खतरनाक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाले समझौते भी हुए हैं।

बारूदी सुंरग या लैंडमाइंस बहुत खतरनाक हथियार हैं, जिनके कारण बहुत से निदरेष लोग बहुत दर्दनाक ढंग से घायल होते हैं, और कई बार जीवन भर के लिए अपंगता भी उन्हें सहनी पड़ती है। किसी युद्ध के समाप्त होने के समय बाद भी कई वर्ष तक युद्ध के दौरान बिछाई गई बारूदी सुरंगों के शिकार बच्चों सहित आसपास के अनेक लोग होते रहते हैं। बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लगाने वाला अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है। अधिकांश देशों ने इसे स्वीकार किया है, पर कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की स्वीकृति मिलनी अभी शेष है। इसके अतिरिक्त कई हिंसक समूह भी अभी तक बारूदी सुरंगों का प्रयोग कर रहे हैं। क्लस्टर बम बहुत खतरनाक हथियार है जिसमें एक ही बड़े बम से बहुत छोटे-छोटे बम दूर-दूर बिखर जाते हैं।

## अराजकता फैलाने की बातें मतदाताओं को पसंद नहीं

आज़ाद भारत के इतिहास में तेईस नबंवर की तारीख़ कई मायने में बेहद अहम है। कल तक जिस भाजपा के खिलाफ राजनीतिक दलों और उनके रहनुमाओं ने मुसलमानों को जो डर दिखा कर एकजुट रक्खा था उसी फार्मूले से भाजपा ने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपने हक़ में खड़ा करने का करिश्मा कर डाला है।'बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'ज् इस के साथ ही वक़्फ़ बोर्ड के असीमित अधिकारों को लेकर जेपीसी की बैठकों में जिस तरह के विवाद और एक किसिम की हुल्लड़बाजी की खबरें और बयानबाजी हुई उसने भाजपा की राह महाराष्ट्र में आसान कर दी। आगे इस मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के व्यवहार पर देश के जनमानस की पैनी नजर रहेगी।

बहरहाल बहुसंख्यक वर्ग को भाजपा से अधिक विपक्ष के रवैए ने यह समझाने में सहयोग किया कि अल्पसंख्यक की भाँति एक नहीं हुए तो तुम्हारे हितों को काट कर उनको दिया जाएगा जो एकमुश्त वोट करते हैं । विपक्ष ने संतुलन की रणनीति पर काम नही किया तो महाराष्ट्र जैसे नतीजे आगे भी आते रहेंगे । इसे लेकर भाजपा मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हुई जा रही है।

नतीजतन महाराष्ट्र सरीखे अहम सूबे में कांग्रेस की लीडरशिप में चुनाव लड़ रही महा आगाड़ी विकास पार्टी की धोबी घाट वाली धुलाई हो गई । राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाने मराठा सरदार शरद पवार और पूर्व सीएम उद्दव ठाकरे का कांग्रेस के माईबाप राहुल गांधी जी का विधानसभा चुनाव के नतीजों ने बैण्ड बाजा जुलूस निकाल दिया है । दो सौ अट्ठासी सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने दो सो तीस विधायकों की जीत के साथ जो धमाका किया उसकी गूंज देर तक और बहुत दूर तक सुनाई देगी । लेकिन दूसरी तरफ़ झारखंड राज्य ने हेमंत सोरेन वाले इंडी ब्लाक को एक तरफा बहुमत देकर विपक्ष के दिए की लौ को भी ठंडी नही होने दिया ।

इसलिए देश के चतुर सुजान मतदाताओं को साष्टांग दण्डवत प्रणामज्क्योंकि वह लोकसभा चुनाव में दो सौ चालीस सीट पर भाजपा के अश्वमेघ यज्ञ को रोक कर नियंत्रित और नियोजित होने का निर्देश देता है तो दो सौ बहत्तर के स्थान पर केवल निन्यानवे सीटें जिताकर क़ायदे में रहने की नसीहत देता है । इसके बाद भी जब एनडीए के बहुमत वाली मोदी सरकार गिराने की धमकी देकर बांग्लादेश जैसी अराजकता फैलाने की बातें करने वाली कांग्रेस और उनके साथियों का कई राज्यों में बोरिया बिस्तर बांध कर साफ़ कर दिया है ।

## स्माग का खतरनाक रूप

भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के कई इलाकों में स्माग ने खतरनाक रूप अपना रखा है। अब यह हर साल की कहानी हो गई है- इस सीजन में धुंध और हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों से बना स्मॉग वातावरण पर छा जाता है।

जब यह हो जाता (या होने लगता) है, तब सरकारें और न्यायपालिका सब सक्रिय होती हैं। जब माहौल गुजर जाता है, तो सब भूल जाते हैं। इस सीजन में खासकर पंजाब के किसानों को खूब कोसा जाता है।

उनके पराली जलाने को राजधानी वासियों की मुसीबत का मुख्य कारण बताकर समस्या की असल वजहों को चर्चा से बाहर रखने में कामयाबी पा ली जाती है।

मगर अजरबैजान के बाकू में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मौके पर जारी दो रिपोर्टों पर ध्यान दीजिए। एक रिपोर्ट ग्लोबल कार्बन बजट प्रोजेक्ट नाम की संस्था है और दूसरी अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) की।

दोनों में शामिल आंकड़ों का निष्कर्ष है कि भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है।

चीन में वृद्धि महज 0.2 प्रतिशत रहेगी, जबकि अमेरिका में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पूरे विश्व के उत्सर्जन में 1.1 फीसदी बढ़ोतरी होगी।

सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में भारत में बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत और चीन में 4.5 प्रतिशत रहेगी। भारत में इस साल पेट्रोलियम की मांग 280 प्रतिशत बढने् का अनुमान है। चीन के लिए यह आंकड़ा 90 प्रतिशत और अमेरिका के लिए 40 प्रतिशत है।

तात्पर्य यह कि भारत में जलवायु का बिना कोई ख्याल किए कार्बन उत्सर्जन को अनियंत्रित बनाए रखा जा रहा है।

सुषमा के स्नेहिल सृजन
छंद - मनहरण घनाक्षरी
*रचना . छतीसगढ़ी
.................................
मया के गोठ
..............
आमा अऊ अमली के,
चटनी बना ले संगी,
बासी संग अड़बड़,
गोंदली मिठाथे जी।
कलेरा कसन करु ,
झन गोठियाबे संगी,
गुरतुर मीठ बोली,
*
मोला तो लुभाथे जी।*
नवाँ-नवाँ बहुरिया,
खनकाथे चुरी संगी,
छुन-छुन पैरीं घलो,
*
सुघ्घर बजाथे जी।*
आँखी म काजर डार,
खोपा गोंदा फूल संगी,
लाली-लाली लुगरा में,
'
सुषमा' सुहाथे जी।
*.... कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल ,रायपुर छ ग

## राशिफल

मेष राशि :आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। आज व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।

वृष राशि :आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा।

मिथुन राशि :आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। उनकी सेहत और परिवार का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है। बच्चो के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। बाहर के ऑयली खाने से परहेज करेंगे।

कर्क राशि :आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ेगे तो भविष्य में आपकी सफलता के अवसर बढ़ जायेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने में सहजता रहेगी।

सिंह राशि :आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। आज के दिन आपके लिए कमियों से सीख लेकर आगे बढ़ने का है। ऐसा करने से आप उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

कन्या राशि :आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज यात्रा से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आज आपकी परिस्थितियों में बदलाव होगा। थोड़ा समय परिवार वालों के साथ बीताने और बातचीत करने से किसी खास मुद्दे का समाधान निकलेगा।

तुला राशि :आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज पुश्तैनी जमीन-जायदाद से जुड़ा काम सुलझ सकता है।

वृश्चिक राशि :आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। आज परिवार के कुछ जरूरी काम होंगे। आज किसी से फोन पर लम्बी बात हो सकती है।

धनु राशि :आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा।

मकर राशि :आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे।


कुंभ राशि :आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी।

मीन राशि :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा। साथ ही कोई कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें।

## सेहत नामा ...

# सर्दियों में अपने गले को साफ रखने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय, नहीं होगी खराश

इन दिनों सर्दी बढ़ रही है और हवाएं अधिक ठंडी होती जा रही हैं। इस मौसम के दौरान ही सबसे अधिक लोग बुखार और जुखाम की चपेट में आते हैं।इसके अलावा सर्दियों में ज्यादातर लोगों का गला सूख जाता है, उसमें बलगम जम जाता है और खराश होने लगती है। अगर आप भी इन परेशानियों से जूझ रहे हैं तो यह लेख आपके काम आएगा।आइए गले को साफ रखने और खराश दूर करने के घरेलू नुस्खे जानते हैं।



भाप लें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, सर्दियों के दौरान चलने वाली हवा सूखी और ठंडी होती है, जो गले को सुखा देती है।इससे निपटने के लिए भाप लेना सबसे प्रभावी नुस्खा हो सकता है। इसके लिए आप हियूमिडिफायर का उपयोग कर सकते हैं या गर्म पानी से भाप ले सकते हैं।एक बर्तन में गर्म पानी लें और अपने चेहरे को तौलिये से ढककर बर्तन की ओर झुकें। इससे आपकी नाक के जरिए भाप गले में जाएगी ओर आपको आराम मिलेगा।

नमक के पानी से गरारे करें

सर्दियों में जब भी आपको लगे की आपके गले में दर्द है, खराश है या गला बैठ गया है, तो गुनगुने पानी से गरारे करें।यह एक सदियों पुराना नुस्खा है, जो गले को साफ करने में मदद करता है।एक गिलास में गर्म पानी लें और उसमें आधा चम्मच नमक मिला दें। अब इस पानी को मुंह में भरें और गरारे करते हुए पी जाएं।ऐसा करने से आपके गले की सिकाई हो जाएगी और आपको दर्द नहीं होगा।

गले को ढककर रखें

सर्दियों के दौरान अगर आप गले की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो उसे ढककर रखें। बाहर जाने से पहले गले में मफलर ओढ़ें, बंद गले वाले स्वेटर पहनें या शॉल लपेट लें।इनके जरिए आपके गले में हवा नहीं लगेगी और वह अच्छी तरह से गर्म रहेगा। साथ ही, मफलर आदी पहनने से आपका संपूर्ण लुक भी बेहद आकर्षक बन जाएगा।सर्दियों में गले की सिकाई करने के लिए आप हल्दी वाली कॉफी बनाकर पी सकते हैं।

गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें

सर्दियों में ठंडा पानी या ठंडी चीजों के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि इनके कारण गला खराब हो सकता है। इनके बजाय अपनी डाइट में गर्म पेय पदार्थ शामिल करें।ग्रीन टी, कॉफी, चाय और दूध जैसे गर्म पेय पदार्थों के सेवन से आपके गले की सिकाई होती रहेगी और आप जल्द आराम महसूस करने लगेंगे।इसके अलावा, अपने पास गर्म पानी से भरी बोतल रखें और दिनभर उसका सेवन करते रहें।

# साइड प्लैंक: जानिए इस एक्सरसाइज का अभ्यास और अन्य जरूरी बातें

साइड प्लैंक एक असरदार एक्सरसाइज है, जो कोर स्थिरता को बढ़ाने में मदद करता है। यह एक्सरसाइज न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, बल्कि शरीर के संतुलन और मुद्रा में भी सुधार करता है।साइड प्लैंक करने से पीठ दर्द कम होता है और रीढ़ की हड्डी की सुरक्षा होती है।इस लेख में हम साइड प्लैंक के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इसे सही तरीके से कैसे किया जाए।



सही तकनीक अपनाएं

साइड प्लैंक करते समय सही तकनीक का पालन करना बहुत जरूरी है।सबसे पहले अपने शरीर को एक सीधी रेखा में रखें। अपने कंधों को सीधे अपने हाथों के ऊपर रखें और अपनी कमर को ऊपर उठाएं ताकि आपका शरीर एक सीधी रेखा बनाए रखे।ध्यान दें कि आपकी गर्दन और सिर भी इसी रेखा में रहें। इस स्थिति में 20-30 सेकंड तक रहें और फिर धीरे-धीरे नीचे आएं। सांस लेने का सही तरीका साइड प्लैंक करते समय अहम होता है। जब आप अपनी कमर उठाते हैं तो गहरी सांस लें और इसे कुछ सेकंड तक रोकें।अब धीरे-धीरे सांस छोड़ें जब आप नीचे आएं। यह प्रक्रिया आपके फेफड़ों की क्षमता बढ़ाती है और आपको अधिक ऊर्जा देती है।सही तरीके से सांस लेने से आपका व्यायाम अधिक प्रभावी बनता है और मांसपेशियों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलती है।

कोई भी एक्सरसाइज तभी प्रभावी होता है जब उसे नियमित रूप से किया जाए। साइड प्लैंक का अभ्यास रोजाना करें ताकि आपकी मांसपेशियां मजबूत हों और आपका संतुलन बेहतर हो सके।शुरुआत में 20-30 सेकंड तक करें, फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। आप इसे सुबह या शाम किसी भी समय कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि इसे खाली पेट करना बेहतर होता है।नियमित अभ्यास से आपको जल्दी ही इसके फायदे दिखने लगेंगे। साइड प्लैंक के कई प्रकार होते हैं, जिन्हें आप आजमा सकते हैं जैसे कि लेग लिफ्ट्स या आर्म लिफ्ट्स जोड़कर इसे अधिक चुनौतीपूर्ण बना सकते हैं।इससे आपकी मांसपेशियों पर अलग-अलग दबाव पड़ता है, जिससे वे अधिक मजबूत होती हैं।इसके अलावा आप हिप डिप्स या रोटेशनल साइड प्लैंक भी कर सकते हैं, जो आपके कोर को और भी मजबूती प्रदान करते हैं।

साइड प्लैंक करते समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है ताकि चोट से बचा जा सके।अगर आपको पीठ या कंधे में कोई समस्या हो तो पहले डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा, हमेशा वार्म अप करें ताकि आपकी मांसपेशियां तैयार हों।सही तकनीक का पालन करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

# भिगोकर नहीं इस ड्राई फ्रुट को भूनकर खाने से मिलते हैं फायदे

सर्दियों में ड्राई फ्रूट्स खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। मेवा की तासीर हल्की गर्म होती है। इसलिए इन्हें पानी में भिगोकर खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसे पानी में भिगोकर नहीं बल्कि भूनकर खाने से ज्यादा फायदा होता है। ये ड्राई फ्रूट है मुनक्का, जिसे भूनकर और काला नमक लगाकर खाने से कई गुना ज्यादा लाभ होता है। मुनक्का पेट और आपकी ओवर ऑल हेल्थ के लिए अच्छा माना जाता है। रोज मुनक्का खाने से शरीर में ताकत आती है और पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर हो जाती हैं। जानिए मुनक्का को कैसे भूनते हैं और इसे कैसे खाते हैं। मुनक्का खाने से क्या फायदे मिलते हैं? एक दिन में आप 6-7 मुनक्का आसानी से खा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले तवा गर्म करें। अब इस पर मुनक्का को गर्म करने के लिए रखें। हल्का दबाकर भूनें बहुत ज्यादा जलाना नहीं है। बस मुनक्का को गर्म सा करना है। अब मुनक्का के अंदर से बीज निकाल दें और यहां थोड़ा से काला नमक लगा लें। इसी तरह 6-7 मुनक्का खा लें। ये मुनक्का पेट के लिए बहुत फायदेमंद हो जाते हैं। काला नमक लगाकर मुनक्का खाने से इसके फायदे कई गुना और बढ़ जाते हैं। रोज मुनक्का खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है। इससे सीजनल बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। खासतौर से ठंड के दिनों में भुना मुनक्का रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। भुना और काला नमक लगा मुनक्का खाने से कब्ज और एसिडिटी की समस्या को दूर किया जा सकता है। पाचन से जुड़ी समस्याओं को मुनक्का दूर भगाता है। पेट के रोगियों के लिए मुनक्का सबसे अच्छा ड्राई फ्रूट माना जाता है। इससे पाचनतंत्र दुरुस्त होता है। मुनक्का को डाइजेशन के लिए बेहतरीन माना जाता है। मुनक्का आयरन और मैग्नीशियम से भरपूर होता है।

प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 28, नवबंर 2024

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में त्रिदिवसीय फोग्राफी कार्यशाला और प्रदर्शनी का शुभारंभ

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविधालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत फोटोग्राफी कौशल पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन विवि के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति प्रो. डॉ. सच्चिदानंदन शुक्ल की उपस्थिति में कार्यशाला का उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। कार्यशाला के पहले तकनीकी सत्र में वरिष्ठ फोटो पत्रकार देवेन्द्र शुक्ला नें कैमरा और वर्तमान समय में उसके प्रयोग को बताते हुए छात्रों को कैमरा संचालन, फोटोग्राफी तकनीक और रूल ऑफ थर्ड सहित एक्सपोजर ट्रायएंगल (एपर्चर, आईएसओ, शटर स्पीड) के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के लिए कैमरा थमाया और फोटोग्राफी का अभ्यास कराया।




इस दौरान छात्रों द्वारा खींची गई तस्वीरों पर उन्होंने समीक्षात्मक टिप्पणी भी दी। कार्यशाला में वक्ता देवेंद्र शुक्ला ने वनों, आदिवासी जीवन, उनकी कलाकृतियों और हस्तशिल्प पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया। साथ ही छात्रों के सवालों का समाधान भी शुक्ला ने विस्तार से किया।

मुख्य अतिथि प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने फोटोग्राफी और पत्रकारिता के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल लेखन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज पर गहरा प्रभाव डालती है। उद्बोधन के दौरान उन्होंने अपने ग्यारह वर्षों के पत्रकारिता अनुभवों और फोटोग्राफी पैशन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ समय में दोनों विश्वविद्यालय के प्रयासों से कुछ नई चीजें उभर कर सामने आयेंगी। कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने जीवन में पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, डॉ. कलाम के शब्दों के अनुसार, खुली आंखों से देखे सपने अवश्य पूरे होते हैं। उन्होंने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। चंद्रेश चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यशाला के लिए सफल मंच संचालन विवि की शोध छात्रा दीक्षा देशपांडे ने किया। आज के सभी सत्रों में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक गण और बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय एवं अन्य संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहें। कल इस कार्यशाला में व्यावसायिक फोटोग्राफर एवं सिनेमेटोग्राफर हर्ष गुप्ता विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में करियर संभावनाएं और फोटोग्राफी के बारीकियों को बतायेंगे।

### डे-एनयूएलएम में तीन महीनों की कार्यवृद्धि

# उप मुख्यमंत्री साव से मिलकर कर्मचारियों ने जताया आभार

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने केन्द्र प्रवर्तित दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में तीन महीनों की कार्यवृद्धि की है। इससे मिशन की गतिविधियों को दिसम्बर-2024 तक संचालित किया जा सकेगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्डा) को परिपत्र जारी किया है। दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को तीन महीनों (1 अक्टूबर-2024 से 31 दिसम्बर-2024 तक) की कार्यवृद्धि प्रदान किए जाने पर राज्य मिशन प्रबंधन इकाई में कार्यरत राज्य मिशन प्रबंधक तथा सिटी मिशन प्रबंधन इकाईयों में कार्यरत सिटी मिशन प्रबंधकों, सामुदायिक संगठकों और सीआरपी महिलाओं ने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव से आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर आभार प्रकट किया है। राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में कार्यवृद्धि से प्रदेश के 170 नगरीय निकायों में कार्यरत सिटी मिशन प्रबंधकों, सामुदायिक संगठकों, स्वसहायता समूहों, सीआरपी की महिलाओं एवं राज्य कार्यालय में कार्यरत राज्य मिशन प्रबंधकों को दिसम्बर-2024 तक नियमित रूप से मानदेय का भुगतान किया जा सकेगा। इससे मिशन की गतिविधियों के उत्साहपूर्वक क्रियान्वयन के साथ ही शहरी गरीबों को योजना का लाभ मिलता रहेगा।




# मुख्यमंत्री से नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने की सौजन्य मुलाकात



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने सौजन्य मुलाकात की। विधायक सोनी विगत दिनों हुए उप चुनाव में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र रायपुर से निर्वाचित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने सोनी को मिले उनके नए दायित्व के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र पूर्व सांसद सुनील सोनी के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा रहा है। मैं आशा करता हूं कि उन्हें मिले इस नए दायित्व तथा उनके अनुभव के लाभ से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

# स्कूलों में न्योता भोजन: प्रदेश में जनसहयोग से 75 हजार बार हो चुका है न्योता भोज का आयोजन

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

बिलासपुर जिले के सरकंडा स्थित पंडित रामदुलारे दुबे स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला में पिछले माह रिटायर हुए शिक्षक प्रताप पाटनवार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 700 बच्चों के न्योताभोज का आयोजन किया और कार्यक्रम के बाद उन्होंने रुंधे गले और आंखों में आंसुओं के साथ कहा कि ''जिन बच्चों के कारण मुझे 42 साल तक सरकार वेतन देती रही और जिनके कारण मेरा घर चलता रहा उनके लिए मैं एक दिन कुछ खास कर पाया इसकी मुझे खुशी है।'' उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना वास्तव में अपने आप में एक अद्भुत योजना है क्योंकि हम अपनी खुशी ऐसे लोगों के साथ बांटते हैं जिन्हें उसका मोल पता है। सरकारी स्कूल में पलने बढ़ने वाले अधिकांश बच्चे कमजोर आर्थिक स्थिति वाले घर के बच्चे हैं और उनके साथ मिलकर जब आप बैठकर भोजन करते हैं तो उनके चेहरे की खुशी देखकर न्योता भोज करने वाला भाव विभोर ना हो जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। इससे न केवल सामुदायिक परस्परता बढ़ रही है बल्कि स्कूलों से आमजन का जुड़ाव भी और अधिक बेहतर तरीके से हो रहा है। साथ ही बड़े अधिकारी जब न्योता भोज के बहाने ही स्कूल पहुंचते हैं तो स्कूल की मॉनिटरिंग भी हो जाती है।



छत्तीसगढ़ के स्कूलों में संचालित की जा रही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय की भागीदारी से अनूठा नवाचार न्योता भोजन लोगों को काफी पसंद आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर शुरू किए गए न्योता भोजन के कार्यक्रम से लोग लगातार जुड़ते जा रहे हैं। राज्य के स्कूलों में विभिन्न समुदाय के लोगों के सहयोग से अब तक राज्य के 30 हजार शालाओं में 75 हजार से अधिक बार न्योता भोजन का आयोजन किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दान देने की परंपरा रही है, यहां नई फसल की खुशी में छेरछेरा पर्व में दान देने की परंपरा है। यह हमारे समाज की दानशीलता का उदाहरण है। हमारे शास्त्रों में भी अन्नदान को महादान की संज्ञा दी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए समाज की इसी परम्परा का सहारा ले रही है। गौरतलब है कि स्कूलों में नन्हे-मुन्हे बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए न्योता भोजन की शुरूआत स्वयं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया से की थी।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर के व्यापारिक संघों को आईडीबीआई करेंसी चेस्ट द्वारा करेंसी नोट एवं चिल्हर वितरण किया गया




रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि बुधवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2024 को दोपहर 1.00 बजे चेम्बर कार्यालय, चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आईडीबीआई बैंक पचपेड़ीनाका, रायपुर शाखा के द्वारा चेम्बर से संबद्ध एसोसियेशन- रायपुर प्लायवुड टेऊडर्स एसोसियेशन, रायपुर मशीनरी मर्चेन्ट एसोसियेशन, डुमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ एवं रायपुर स्वीट एंड स्नैक्स एसोसियेशन को 1, 2, 5, 10 एवं 20 के सिक्के तथा 20, 50 एवं 100 रूपये के करेंसी नोट का वितरण किया गया। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव एवं राम मंधान तथा आईडीबीआई बैंक पचपेड़ीनाका, रायपुर शाखा के बैंक अधिकारी रंजन सिंह, मनोज माटी, निलय सिंह एवं मनोज सेठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अतंर महाविद्यालय हैण्ड बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय द्वारा सांइस कॉलेज मैदान में दिनांक 27/11/2024 दिन बुधवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री गोकुलदास डागा जी,दानदाता सदस्य, अजय तिवारी जी अध्यक्ष राष्ट्रीय विद्यालय समिति, एवं डॉ अमिताभ बॅनर्जी, प्राचार्य साइंस कॉलेज, के विशिष्ट अतिथि के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता घई ने दीप प्रज्वलित कर किया। महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयो से आए टीमों ने हिस्सा लिया। महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजन के सचिव डॉ प्रेम शंकर क्रीडा अधिकारी श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा गर्ल्स कॉलेज ने अवगत कराया की विजेता टीम शासकीय डी बी गर्ल्स कॉलेज,रायपुर और कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय देवेन्द्र नगर, रायपुर उपविजेता टीम रहे। डॉ अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य साइंस कॉलेज द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हैंडबॉल सचिव डॉ प्रिंस मिश्रा, विभिन्न कॉलेजों से आए क्रीड़ा अधिकारी डॉ रामानंद यादव, डॉ रिंकू पांडे, शहनाज मैडम, आदर्श मिश्रा एवं अन्य क्रीड़ा अधिकारी, महाविद्यालय से आए प्राध्यापक गण एवं समस्त कर्मचारीयों ने उपस्थित रहकर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाया।

# गांजा तस्कर को पुलिस ने निकाला जुलूस



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

राजधानी के कुख्यात गांजा तस्कर रवि साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी से पहले उसे मोहल्ले में पैदल घुमाया गया और फिर थाने लेकर विधिवत कार्रवाई की गई। रवि साहू पर रायपुर के अलग-अलग थानों में करीब 50 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। रवि साहू पर एनडीपीएस समेत हत्या का प्रयास जैसे गंभीर मुकदमे है। क्षेत्र में उसके दशहत को कम करने पुलिस ने रवि साहू की पैदल रैली निकाली थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया में भी पोस्ट किया गया है। बता दें कि राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ में आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हुई है। चाकूबाजी, हत्या और मारपीट जैसे अपराधों के रोकथाम और क्षेत्र के अपराधियों की धरपकड़ के लिए शासन स्तर पर पुलिस को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में अपराधी रवि साहू पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया है की कानून-व्यवस्था कायम करने और आम लोगों की सुरक्षा के लिए उनका यह अभियान सतत जारी रहेगा।

# कांग्रेस के काल में भर्ती के नाम पर सिर्फ घोटाले हुए : साव

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

हाई कोर्ट ने आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। उप-मुख्यमंत्री गृह विजय शर्मा ने इस मुद्दे पर कहा कि एक ही मसले पर स्टे दिया गया है। हाईकोर्ट से मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ेंगे। कांग्रेस काल में तो परीक्षा के बाद भी भर्ती नहीं हो पाती थी। इस भर्ती में सात लाख लोग परीक्षा दे रहे हैं।





**अरुण साव का कांग्रेस पर कटाक्ष**

उधर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में एक भी भर्ती नहीं हुई। भर्ती के नाम पर सिर्फ घोटाले हुए। भाजपा सरकार की नीयत साफहै। सरकार ने भर्ती के कई विज्ञापन निकाले हैं। युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर दे रहे हैं। आरक्षक भर्ती मामले में उच्च न्यायालय से स्थगन आया है। हम सरकार का पक्ष रखेंगे। आगे भर्ती की प्रकिया को न्यायालय के अनुसार आगे बढ़ाएंगे।

**निकाय आरक्षण पर एक सप्ताह में निर्णय**

नगरीय निकाय चुनाव पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, इसकी तैयारी सरकार के लेवल पर हो रही है। चुनाव आयोग मतदाता सूची बना रही है और सरकार के स्तर पर जो तैयारियां होनी चाहिए, वह हो रही है। कुछ और कार्रवाई बची है। उसे जल्द-जल्द से पूर्ण कर लिया जाएगा। वहीं आरक्षण मामले पर पिछड़ा वर्ग आयोग के रिपोर्ट पर सरकार विचार कर रही है। यह सरकार के पास विचाराधीन है। उम्मीद है कि आने वाले एक सप्ताह में इस मामले पर निर्णय हो जाएगा।

# 16 पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफद मंथ का पुरस्कार

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

पुलिस विभाग द्वारा पुरस्कार के तहत अक्टूबर माह में विभिन्न पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। निरीक्षक भावेश गौतम, थाना प्रभारी माना, को उनके सौंपे गए कार्य को समर्पण और समय सीमा में पूरा करने के लिए सराहा गया। थाना आजाद चौक के प्रआर.क्र.09 सियाराम चंदेल को कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने और थाने के अन्य कार्यों में योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। प्रआर.क्र.555 मेलाराम प्रधान और आर.क्र.2663 गुलशन साहू को चोरी के मामलों में आरोपियों से 15 लाख रुपये मूल्य का माल, चाकू, पिस्टल और लोहा कटर की बरामदगी में योगदान देने पर पुरस्कृत किया गया। थाना पुरानी बस्ती के आर.क्र.158 सुनील शुक्ला को निजात अभियान में 40 किलो गांजा बरामद करने और हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाने के लिए सराहा गया। सउनि नीलमणी साहू और प्रआर.क्र.1290 प्रमोद आडिल को आचार संहिता के दौरान बस स्टैंड भाठागांव में सोने के आभूषण और 12 किलोग्राम सोने की बिस्किट की बरामदगी के लिए सराहा गया। महिला आर.2231 पुष्पा सोनी, यातायात थाना शारदा चौक में उत्तम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सम्मानित की गईं। थाना सिविल लाइन के निरीक्षक रोहित मालेकर को सौंपे गए कार्यों को समय पर और मेहनत से पूरा करने पर सम्मानित किया गया।



एसीसीयू के आर.क्र.1733 अमित घृतलहरे और आर.क्र.511 संजय मरकाम को थाना तिल्दा क्षेत्र में हत्या के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। थाना मौदहापारा के आर.क्र.1982 बलराज सिंह को मेकाहारा हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में आग लगने पर लोगों की जान बचाने में सहायता करने के लिए सराहा गया। थाना गोबरा नवापारा के आर.क्र.1248 जगेश्वर रात्रे को लंबित शिकायतों का निपटारा करने और नई गुंडा फाइल खोलने के लिए प्रशंसा मिली। थाना मंदिर हसौद के सउनि चंद्रहास वर्मा और प्रआर.क्र.366 ऐश्वर्य मारकण्डे को निजात अभियान में 170 किलो गांजा जप्त करने और आरोपियों की गिरफ्तारी में योगदान देने के लिए पुरस्कृत किया गया। इन सभी पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अक्टूबर माह में निलंबित किए गए कर्मचारियों की जानकारी भी दी गई। प्रआर.क्र.139 लीलाराम ध्रुव, थाना आजाद चौक, को ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और शराब पीकर ड्यूटी पर उपस्थित होने के कारण निलंबित कर दिया गया। थाना टिकरापारा के प्रआर.क्र.1279 महेश नेताम को गंभीर शिकायतों के कारण रक्षित केन्द्र रायपुर भेजा गया। तीन अन्य कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप उनकी वेतन में कमी की गई।

# छात्रावास-आश्रमों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी


भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के आश्रम-छात्रावासों में छात्र-छात्राओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ संविधान मनाया गया। आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत 3357 छात्रावास-आश्रम, 75 एकलव्य विद्यालय एवं 16 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन सभी संस्थाओं में व्यापक रूप से संविधान दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आम लोगों को संविधान में दिए गए प्रवधानों के प्रति जागरूक करने के लिए भारत सरकार द्वारा व्यापक आयोजन किए जा रहे है। इसी कार्यक्रम के तहत प्रदेश के आश्रम-छात्रावासों में भी संविधान दिवस मनाया गया। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा द्वारा जिलों में संचालित सभी विभागीय छात्रावास-आश्रमों, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं प्रयास आवासीय विद्यालयों में संविधान दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाने के निर्देश दिए गए थे। विभागीय छात्रावास आश्रमों में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक वाचन किया गया एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके बाद एक जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों ने अपने हाथ में तख्तियां लेकर संविधान के मूल अधिकारों-कर्तव्यों एवं अन्य प्रावधानों को स्लोगन के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों-कर्त्तव्यों एवं प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। इसके अलावा छात्रावास-आश्रमों में भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस पूरे आयोजन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 28, नवंबर 2024

# करिश्मा कपूर की वजह से बहुत मार खा चुका है





करिश्मा कपूर 90 के दशक की उन अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड की दुनिया पर राज किया है. एक जमाना था जब लोग केवल करिश्मा कपूर का नाम सुनकर ही फिल्म देखने सिनेमाघर पहुंच जाया करते थे. समय के साथ भले ही करिश्मा कपूर का चार्म कम हो गया हो लेकिन आज भी उनके चाहने वालों की कोई कमी नहीं है. बहुत से लोग आज भी करिश्मा कपूर को बड़े पर्दे पर देखना पसंद करते हैं. इस लिस्ट में तो कुछ स्टार्स का नाम भी शामिल है. यहां हम बात कर रहे हैं भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ की जो कि खुद को करिश्मा कपूर का बहुत बड़ा फैन मानते हैं. इस बात का खुलासा खुद दिनेश लाल यादव ने किया है. हाल ही में दिनेश लाल यादव ने बताया है कि वो किस तरह से करिश्मा कपूर की वजह से कई बार मार खा चुके हैं. आप की अदालत में करिश्मा कपूर के बारे में बात करते हुए दिनेश लाल यादव ने कहा, मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं. करिश्मा कपूर की कोई ऐसी फिल्म नहीं है जिसका मैंने फर्स्ट डे फर्स्ट शो न देखा हो. मैं फिल्म देखने के लिए घर से भाग जाया करता था. करिश्मा कपूर की वजह से मेरी घर पर बहुत पिटाई भी हुई है. मेरे पिता ने बहुत बार मुझे दौड़ा दौड़ाकर मारा है. मैं एनसीसी के कैंस से भागकर करिश्मा कपूर की फिल्म देखने जाता था।

## कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 12: दूसरे वीकेंड के बाद सूर्या की फिल्म को बड़ा झटका




सूर्या स्टारर कंगुवा के लिए दूसरा वीकेंड राहत भरा रहा था. फिल्म ने दूसरे रविवार को ठीकठाक कमाई की थी, लेकिन, दूसरे मंडे टेस्ट में फिल्म एक बार फिर फेल होती दिखी है. रविवार को फिल्म ने करोड़ों रुपये में कमाई की. मगर दूसरे सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट दर्ज की गई.

सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पटानी की एपिक फैंटेसी ड्रामा ने ओपनिंग डे पर 24 करोड़ रु. का कलेक्शन किया था. फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली जुली समीक्षा मिली थी. ओपनिंग डे के बाद फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखी गई. दूसरे दिन फिल्म ने 9.5 करोड़ रु. और तीसरे दिन 9.85 करोड़ रु. का बिजनेस किया था. पहले रविवार को फिल्म 10.25 करोड़ रु. की कमाई की थी. पहले वीकेंड तक फिल्म ने 53.6 करोड़ रु. का कलेक्शन किया था. फिल्म की असली परीक्षा पहले सोमवार को हुई, जिसमें वह फेल हुई. पहले सोमवार को फिल्म ने 3.15 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को क्रमशः 3.25 करोड़ रु., 2.4 करोड़ रु. और 1.9 करोड़ रु. का कलेक्शन किया. इस तरह फिल्म ने पहले हफ्ते में 64.3 करोड़ रु. कमाए थे.

दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने सबसे कम कमाई की. रिलीज के 9वें दिन फिल्म ने 7 लाख रुपये की कमाई की. वहीं. दूसरे को इसके कलेक्शन में 64.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई. 10वें दिन फिल्म ने 1.15 करोड़ रुपये कमाए. जबकि 11वें दिन फिल्म ने 1.35 करोड़ रुपये का करोबार किया. इस तरह फिल्म ने 11 दिनों में 67.50 करोड़ रुपये कमाए.

सिवा की निर्देशित फिल्म 70 करोड़ रु. के लिए संघर्ष कर रही हैं. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 13 दिन हो चुके हैं. सैकनिल्क के रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 12 दिनों में 67.87 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसमें तमिल में 16 लाख रु., हिंदी में 13 लाख रु. और तेलुगू में 8 लाख रु. कमाए हैं.

## 22 साल बाद बड़े पर्दे पर रिलीज होगी अनुराग कश्यप की फिल्म



बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर अनुराग कश्यप अपने विवादित बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं. अनुराग कश्यप की फिल्मों में अक्सर हिंसा से लेकर सेंसटिव मुद्दों पर बातचीत की जाती है. अनुराग कश्यप %गैंग्स ऑफ वासेपुर% जैसी फिल्मों को डायरेक्ट कर चुके हैं. डायरेक्टर ने अपने करियर की शुरुआत टीवी सीरियल के राइटर के तौर पर की थी. फिर साल 1998 में उन्होंने रामगोपाल वर्मा की फिल्म %सत्या% में को-राइटर के तौर पर काम किया. वहीं उन्होंने फिल्म %पांच% के जरिए डायरेक्टोरियल डेब्यू किया, लेकिन साल 2002 में बनी यह मूवी बैन के कारण कभी सिनेमाघरों में रिलीज ही नहीं हो पाई थी. लेकिन अब पूरे 22 साल बाद अनुराग कश्यप की यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर उतरने वाली है. दरअसल पूरे 22 साल बाद इस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास किया है और इससे बैन को भी हटा दिया गया है. अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म %पांच% की रिलीज की पुष्टि प्रोड्यूसर टूटू शर्मा ने की है. उन्होंने कहा कि इस फिल्म को अगले 6 महीने में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा. उन्होंने बताया, %पांच अगले साल जरूर रिलीज होगी. मैं अगले 6 महीनो में इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की प्लानिंग कर रहा हूं. इस फिल्म को बैन कर दिया गया था और इसके नेगेटिव्स भी थोड़े खराब हो चुके हैं. अब इस मूवी को रिस्टोर करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. जब यह तैयार हो जाएगा तो हम पांच फिल्म को रिलीज कर देंगे.% बता दें कि टूटू शर्मा ने यह जानकारी बॉलीवुड हंगामा संग बातचीत में दी है।

## कार्तिक में अपने इस एक्स बॉयफ्रेंड की झलक देखती हैं शिल्पा शेट्टी



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं. इस खास मौके पर कार्तिक आर्यन गोवा जा पहुंचे हैं. वहीं फैंस लगातार कार्तिक आर्यन को सोशल मीडिया के जरिए बधाई दे रहे हैं. समय के साथ कार्तिक आर्यन की पॉपुलैरिटी बढ़ती ही चली जा रही है. अब तो हाल ये हो गया है कि लोगों को कार्तिक आर्यन में अपने एक्स की छवि तक नजर आने लगी है. यहां हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड अदाकारा शिल्पा शेट्टी की जो कि कार्तिक आर्यन को लेकर एक अटपटा बयान दे चुकी हैं. कार्तिक आर्यन को लेकर शिल्पा शेट्टी ने दावा किया है कि उनकी शक्ल देखकर वो अपने एक्स को याद करती हैं. फिल्म लुकाछिपी के प्रमोशन के दौरान कार्तिक आर्यन कृति सेनॉन के साथ सुपर डांसर चैप्टर 3 के सेट पर पहुंचे थे. यहां पर कार्तिक आर्यन की मुलाकात शिल्पा शेट्टी से हुई थी. शो के दौरान कार्तिक आर्यन को शिल्पा शेट्टी के बराबर में बैठने का मौका मिला था. मौका पाते ही शिल्पा शेट्टी ने कार्तिक आर्यन की खूब तारीफ की. शिल्पा शेट्टी ने दावा किया कि कार्तिक आर्यन उनको यंग अक्षय कुमार की याद दिलाते हैं. उन्होंने जमाने के सामने कहा कि कार्तिक आर्यन शिल्पा शेट्टी को 15 साल पहले वाला अक्षय लगते हैं।



## बैग में अटपटी चीजें रखती हैं अनुष्का शर्मा, बोलीं- सामान हल्का न हो तो अच्छा

*अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर प्रशंसकों को अपने बैग के अंदर क्या-क्या है, इसकी झलक दिखाई है।*

*'बैंड बाजा और बारात' अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, हल्का सामान मत पैक करो। उन्होंने जंगलीपन को सामने लाएं हैशटैग का इस्तेमाल किया। क्लिप की शुरुआत में पीके अभिनेत्री से एक शख्स पूछता है, अनुष्का तुम्हारे बैग में क्या है? इस पर अभिनेत्री ब्लैक फेस मास्क, एक ब्लूप्रिंट के साथ कई मूछें निकालती हैं। अनुष्का शर्मा के बैग में ये चीजें देखकर उनके प्रशंसक हैरत में पड़ गए। एक फैन ने लिखा, वाह, यह क्या है?, एक अन्य ने लिखा बहुत खूब। तीसरे फैन ने लिखा आप बहुत भाग्यशाली हो। वीडियो में सुल्तान अभिनेत्री आरामदायक येलो कलर पैंट और ब्ल्यू कलर स्नीकर्स के साथ ढीली नीली और सफेद चेकर्ड टी-शर्ट में बेहद कूल नजर आ रही हैं। अनुष्का शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं। साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया था। 'जीरो' अनुष्का शर्मा के साथ अभय देओल, आर. माधवन और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी*




## इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन निक्की तंबोली ने शेयर किया ग्लैम लुक

बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेश अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइल स्टेटमेंट देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।

निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान येलो कलर की इंडो-वेस्टर्न लुक में आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही खूबसूरती से निखारा है। साथ ही उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल उनके इस लुक पर चार चांद लगा रही है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं निक्की तंबोली बलखाती हुई कमर कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 28, नवंबर 2024

Sports News

## पाकिस्तान के अहमद दानियाल और शाहनवाज दहानी जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

एजेंसी,नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और शाहनवाज दहानी जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं और वे स्वदेश लौट जाएंगे। दोनों की जगह तेज गेंदबाज अब्बास अफरीदी और ऑलराउंडर जहानदाद खान को शामिल किया गया है, जो गुरुवार को होने वाले सीरीज के निर्णायक मैच में चयन के लिए उपलब्ध होने के लिए बुलावायो पहुंचेंगे। ये दोनों टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का हिस्सा हैं, जो 1, 3 और 5 दिसंबर को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी।

दोनों वनडे मैचों में खेलने के बाद, अनकैप्ड दानियाल की जगह आमिर जमाल को अगली टी20 सीरीज में शामिल किया जाएगा। जिम्बाब्वे ने बारिश से प्रभावित पहले वनडे में डीएलएस पद्धति से 80 रन से जीत दर्ज की थी, इसके बाद पाकिस्तान ने दूसरे वनडे में दस विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने शानदार शतक लगाया और मेहमान टीम को 18.2 ओवर में 146 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। पीसीबी ने कहा कि दानियाल को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जबकि दहानी, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए अब तक दो वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं, को रविवार के प्रशिक्षण सत्र के दौरान बाएं टखने में चोट लगी। प्रारंभिक स्कैन और नैदानिक आकलन ने उनकी संबंधित चोटों की पुष्टि की, इस प्रकार उन्हें जिम्बाब्वे की यात्रा से बाहर कर दिया गया।

## आरसीबी के साथ खत्म हुआ सात वर्षों का सफर तो भावुक हुए सिराज

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 की मेगा नीलामी सोमवार को समाप्त हो गई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को नहीं खरीदा। फ्रेंचाइजी ने राइट टू मैच (आरटीएम) का भी उपयोग नहीं किया। सात वर्षों का साथ टूटने के बाद मोहम्मद सिराज भावुक हो गए। उन्होंने मंगलवार को एक खास मेसेज जारी कर अपने दिल का हाल बयां किया। उन्होंने कहा- सात साल आरसीबी के साथ मेरे दिल के बहुत करीब है। सिराज ने लिखा- जिस दिन मैंने पहली बार आरसीबी की जर्सी पहनी थी, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम इतने करीब आ जाएंगे। आरसीबी की जर्सी में पहली गेंद फेंकने से लेकर, लिए गए हर विकेट, खेले गए हर मैच, आपके साथ बिताए हर पल तक, यह सफर किसी असाधारण अनुभव से कम नहीं रहा। इसमें उतार-चढ़ाव आए, लेकिन इन सबके बीच एक चीज हमेशा बनी रही अटूट समर्थन। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले आरसीबी ने उन्हें रिलीज कर दिया था।

# आईसीसी बॉलिंग टेस्ट रैंकिंग में बुमराह नंबर वन बने

एजेंसी, नई दिल्ली

पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। वहीं, ताजा जारी हुई आईसीसी मेंस टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में फिर से नंबर-1 खिलाड़ी का स्थान हासिल किया है। बुमराह ने अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया। बल्लेबाजी रैंकिंग में जायसवाल और कोहली को भी फायदा मिला है। बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में भारत की 295 रन की प्रभावशाली जीत के दौरान आठ विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। फॉर्म में चल रहे दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने दो पायदान की छलांग लगाई और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन की कुर्सी हासिल की।




### इंग्लैंड के खिलाफ लिए थे 9 विकेट

बुमराह पहली बार इस साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ 9 विकेट लेने के बाद ICC Test Bowler की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। इसके बाद अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन के बाद एक बार फिर नंबर वन गेंदबाज बन गए थे, लेकिन हाल के हफ्तों में रबाडा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। अब फिर से जसप्रीत बुमराह ने रबाडा को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह के 872 प्वाइंट्स हो गए हैं।

### बल्लेबाजी में चमके यशस्वी और कोहली

बल्लेबाजी रैंकिंग की बात करें तो भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शानदार शतकीय पारी खेल कर दो स्थानों की लंबी छलांग लगाई। वह ताजा जारी हुई ICC Test Batting Rankings में दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। जायसवाल ने 161 रनों की शानदार पारी खेलकर मैच को भारत के पक्ष में मोड़ दिया और इसके परिणामस्वरूप टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

### जो रूट पहले स्थान पर

इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 825 भी हासिल की। जायसवाल के अलावा दूसरी पारी में शानदार शतक जमाने वाले विराट कोहली को भी फायदा हुआ है। विराट कोहली अपने 30वें टेस्ट शतक के बाद 9 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पहले स्थान पर हैं।

## बेन स्टोक्स ने आईपीएल 2025 नीलामी से नाम वापस लेने का कारण बताया



एजेंसी,नई दिल्ली

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने जेद्दा में हाल ही में संपन्न आईपीएल 2025 मेगा नीलामी से अपना नाम वापस लेने का कारण बताया है। याद हो कि 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी का आयोजन किया गया था। आईपीएल के नए नियम और दिशा-निर्देश के अंतर्गत 33 साल के स्टोक्स अगर नीलामी में अपना नाम दर्ज कराते तो अगले दो साल तक आईपीएल एक्शन में दिखना होगा। हालांकि, इंग्लिश ऑलराउंडर ने बताया कि वह आईपीएल में नहीं खेलने से चिंतित नहीं हैं क्योंकि उनका लक्ष्य इंग्लैंड के लिए ज्यादा से ज्यादा खेलने का है। न्यूजीलैंड के खिलाफपहले टेस्ट से पूर्व स्टोक्स ने कहा कि वो अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं और ज्यादा से ज्यादा इंग्लैंड की जर्सी पहनना चाहते हैं। इसी कारण उन्होंने आईपीएल मेगा नीलामी से अपना नाम वापस लिया।

स्टोक्स ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से बातचीत में कहा, 'बहुत क्रिकेट हो रहा है। इसमें छुपाने वाली कोई बात नहीं है कि मैं अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हूं। मैं निश्चित ही लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। मुझे अपने शरीर पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना है। मुझे प्राथमिकता रखनी होगी कि कब और कहां खेलूं।'' उन्होंने साथ ही कहा, ''मैं इस साल एसए20 में एमआई केप टाउन के लिए खेला था। इसलिए, मुझे ध्यान देने की जरुरत है कि आगे क्या आने वाला है और अपने शरीर को देखते हुए सही फैसला लेना होगा। मैं चाहता हूं कि अपना करियर लंबा रखूं। मैं लंबे समय तक इंग्लैंड की जर्सी पहनना

# शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

एजेंसी,नई दिल्ली

भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज शुभमन गिल अंगूठे की चोट से उबर नहीं पाए हैं और 30 नवंबर से कैनबरा में शुरू होने वाले प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय पिंक बॉल वॉर्म-अप मैच से बाहर हो गए हैं। यह चोट गिल को पर्थ में प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। हालांकि, 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले पिंक बॉल टेस्ट में खेलने को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। दरअसल, बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार कि जब तक गिल पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते, तब तक वह बैटिंग नहीं करेंगे। उनका खेलना एडिलेड टेस्ट से ठीक पहले तय किया जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया को एक सूत्र ने ये जानकारी दी कि गिल को चोट लगने के बाद मेडिकल स्पेशलिस्ट ने 10-14 दिन आराम करने की सलाह दी थी। वह वीकेंड पर अभ्यास मैच में नहीं खेलेंगे और दूसरे टेस्ट में भी उनका खेलना संदिग्ध है। देखते हैं कि उनकी चोट कितनी ठीक हुई है, उनकी उंगली कैसी महसूस होती है। चोट ठीक होने के बाद भी उन्हें टेस्ट मैच खेलने से पहले कुछ बेहतरीन अभ्यास की जरूरत होगी। हाल ही में, मुंबई और भारतीय टीम के पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने कहा था कि चोट के कारण गिल दो से तीन टेस्ट मैच मिस कर सकते हैं। गिल की गैरमौजूदगी में पर्थ टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल को नंबर 3 पर मौका दिया गया था। पहले पारी में वह बिना कोई रन बनाए 23 गेंदों पर आउट हो गए। हालांकि, दूसरी पारी में उन्होंने 71 गेंदों पर 25 रन बनाए और केएल राहुल के साथ 74 रनों की साझेदारी की। दोनों बार वह जोश हेजलवुड का शिकार बने। ऐसे में दूसरे टेस्ट में देवदत्त की फॉर्म ने टीम इंडिया की चिंता बढ़ा दी। अगर शुभमन गिल समय पर फिट नहीं होते हैं, तो केएल राहुल नंबर 3 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। राहुल ने पर्थ टेस्ट में 103 रन बनाए थे, जिसमें दूसरी पारी में एक शानदार अर्धशतक शामिल है। राहुल के ओपनिंग की संभावना कम है क्योंकि रोहित शर्मा टीम में वापस आ गए हैं। रोहित पर्थ टेस्ट से बाहर थे क्योंकि वह निजी कारण के चलते छुट्टी पर थे। हालांकि, अगर राहुल और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी को फिर से मौका दिया गया तो यह एक बड़ा फैसला होगा, क्योंकि दोनों ने पर्थ में रिकॉर्ड साझेदारी की थी। अभी स्थिति वॉर्म-अप मैच के बाद और साफहो जाएगी। रोहित को भी कैनबरा में कुछ अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद है ताकि वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में खुद को ढाल सकें।




## चैंपियंस लीग: लेवांडोव्स्की का 100वां गोल, बार्सा ने ब्रेस्ट को आसानी से हराया

एजेंसी,बार्सिलोना। एफसी बार्सिलोना के स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने यूईएफए चैंपियंस लीग में अपना 100वां गोल किया, क्योंकि उन्होंने ब्रेस्ट पर अपनी टीम की 3-0 की जीत में स्कोरिंग की शुरुआत की। ब्रेस्ट के गोलकीपर मार्को बिज़ोट की गलती के बाद लेवांडोव्स्की ने 10वें मिनट में पेनल्टी के साथ बार्सिलोना को आगे कर दिया, जिन्होंने स्ट्राइकर की पीठ पर हमला किया और उसे गिरा दिया।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह लेवांडोव्स्की का चैंपियंस लीग में छठा गोल था, साथ ही यह उनका 100वां गोल भी था। स्टैंड से लैमिन यामल की मौजूदगी में, बार्सिलोना ने पहले हाफ पर नियंत्रण बनाए रखा, जिसमें फ़र्मिन लोपेज़ ने एक और मौके पर गोल करने से पहले राफिन्हा की सहायता के बाद गोल करने का मौका गंवा दिया। इसके बाद राफिन्हा की बारी आई, क्योंकि गेंद लंबे बिल्डअप के बाद उनके पास पहुंची लेकिन उनके शॉट को डिफ्लेक्ट कर दिया गया जिससे बार्सा को कॉर्नर मिला। बार्सा पूरी तरह से नियंत्रण में था, गेंद लगभग लगातार ब्रेस्ट के हाफ में थी, जिससे बिज़ोट ने मार्क कैसाडो क्रॉस से लोपेज़ के शक्तिशाली हेडर को विफल करने के लिए एक बेहतरीन बचाव के साथ अपनी पिछली गलती को सुधारने का मौका दिया। दूसरे हाफ में स्क्रिप्ट में थोड़ा बदलाव हुआ, राफिन्हा और डैनी ओल्मो ने शॉट को ब्लॉक किया, इससे पहले बिज़ोट ने फिर से लोपेज़ को निराश किया, जिन्हें लेवांडोव्स्की की चतुर बैक-हील ने शूट करने के लिए जगह दी।

डैनी ओल्मो ने आखिरकार 66वें मिनट में बार्सिलोना को दो गोल की बढ़त दिलाई, जब उन्होंने लेफ्ट बैक जेराई मार्टिन से पास लिया, ब्रेंडन चार्डोनेट को हराया और एक शॉट के साथ गोल किया जो निकट पोस्ट में गया। मैथियस परेरा लेज ने घड़ी पर 15 मिनट शेष रहते हुए आगंतुक के लिए गेंद को नेट में डाला, लेकिन इसे स्पष्ट ऑफसाइड के लिए खारिज कर दिया गया। पाब्लो टोरे ने ब्रेस्ट डिफेंस में एक वाइल्ड पास को रोकने के बाद बार्सा के लिए शॉट वाइड मारा, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि लेवांडोव्स्की ने 92वें मिनट में एलेजांद्रो बाल्डे के पास को नियंत्रित करने और स्कोर करने के लिए दूर पोस्ट पर जगह बनाने के बाद टूर्नामेंट में अपना 101वां गोल किया।

## दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींची, मुकाबला 39-39 से टाई कराया



एजेंसी,नोएडा

दबंग दिल्ली केसी ने पटना पाइरेट्स के मुंह से जीत खींचते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 78वें मैच को 39-39 से टाई करा लिया। यह इस सीजन का कुल सातवां, दिल्ली का तीसरा और पटना का पहला टाई है।

30वें मिनट तक पटना 33-25 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर दिल्ली ने आशीष के सुपर रेड की बदौलत वापसी की राह पकड़ी और पटना को आलआउट करते हुए लीड भी ले ली लेकिन फिर पटना ने संयम बनाए रखते हुए मैच टाई करा लिया। पटना के लिए देवांक ने 15 अंक बनाए जबकि दीपक और अंकित ने क्रमशः 7 और 5 अंक लिए।

दिल्ली के लिए आशु ने एक बार फिर सुपर-10 लगाया जबकि सुपर रेड के साथ आशीष ने सात अंक बटोरे। नवीन ने भी 6 अंक का योगदान दिया। इस मैच के बाद दोनों टीमें क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर ही बनी हुई हैं।

दोनों टीमों ने शानदार शुरुआत की। पांच मिनट बाद पटना 6-5 से आगे थे। इसमें देवांक के चार और सुपर रेड के साथ आशु के तीन अंक शामिल है। इस बीच आशीष ने पहली रेड पर आए और अयान को लपक स्कोर 6-6 कर दिया। इस बीच अंकित ने डू ओर डाई रेड पर आशु का शिकार कर पटना को आगे कर दिया।

आशीष ने हालांकि देवांक को एंकल होल्ड कर मामला बराबर कर दिया। इसके बाद पांच के डिफेंस में नवीन डू ओर डाई रेड पर आए लेकिन लपक लिए गए। 10 मिनट बाद पटना 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद पटना दो अंक से आगे थे और दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था, जिसका वे फायदा नहीं ले सके और आलआउट होकर 8-14 से पीछे हो गए।

आलाउन के बाद पटना ने 1 के मुकाबले देवांक के मल्टी प्वाइंट रेड की बदौलत छह अंक लेकर फासला बढ़ा दिया। पटना ने इस तरह 20-9 स्कोर के साथ पाला बदला। देवांक अपना सुपर-10 पूरा कर चुके थे। दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन वे इसका फायदा नहीं ले सके और दूसरी बार आलआउट हुए। अब पटना 24-11 से आगे थे।

इसके बाद हालांकि आशु की बदौलत दिल्ली ने 1 के मुकाबले 4 अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी।

# पाकिस्तान में खेली जा रही सीरीज को बीच में छोड़कर स्वदेश लौटी श्रीलंकाई टीम

एजेंसी,नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किस देश में होगा, इसको लेकर लगातार बवाल जारी है। इससे पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हालात बदतर होते जा रहे हैं। इसकी वजह इस्लामाबाद में चल रहे राजनीतिक विरोध प्रदर्शन है, जिसका असर खेलों पर पड़ता दिख रहा है। इस विरोध के चलते श्रीलंकाई ए टीम ने पाकिस्तान में खेली जा रही वनडे सीरीज को बीच में छोड़कर अपने घर जाने का फैसला लिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने इस बारे में श्रीलंकाई बोर्ड से बातचीत की थी। दरअसल, पीसीबी ने मंगलवार को ये कंफर्म किया कि श्रीलंकाई बोर्ड से बातचीत के बाद पाकिस्तान शाहीन बनाम श्रीलंका ए के बीच बाकी दो वनडे मैच को पोस्टपोन कर दिया गया। पोस्टपोन मैच रावलपिंडी में बुधवार और शुक्रवार को खेले जाएंगे। इससे पहले पाकिस्तान शाहीन ने मेहमान टीम को 108 रन से मात दी थी। पीसीबी ने इस दौरान कहा कि दोनों बोर्ड साथ में मिलकर नई तारीख फाइनल करेंगे कि कब सीरीज पूरी की जाएगी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने रविवार से मुख्य इस्लामाबाद की ओर विरोध मार्च शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन और सुरक्षा बलों के बीच झड़प और हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पीटीआई कार्यकर्ता और उनके समर्थक इस्लामाबाद तक प्रोटेस्ट मार्च निकाल रह थे। सरकार ने उन्हें रास्ते में रोकने की कोशिश की, जिसके बाद इमरान समर्थक उग्र हो गए। साल 2009 - पाकिस्तान की कहानी 16 साल से बदली नहीं है।




# न्यूजीलैंड के नाथन स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पदार्पण करेंगे

एजेंसी,क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे, जबकि भारत में हाल ही में वाइटवॉश के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग को केन विलियम्सन के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है।

न्यूजीलैंड के कप्तान टिम लाथम ने भी पुष्टि की है कि पूर्व कप्तान केन विलियमसन पहले टेस्ट के लिए कमर की चोट से उबरकर वापसी करेंगे, जबकि पिछले महीने भारत में न्यूजीलैंड की हाल ही में 3-0 से वाइटवॉश के दौरान 244 रन बनाने वाले और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए विल यंग को टीम से बाहर कर दिया गया है।

लाथम ने बुधवार को कहा, उन्होंने (यंग) भारत में शानदार प्रदर्शन किया और हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन दुर्भाग्य से यह यंगी के पिछले कुछ समय में किए गए प्रदर्शन से कहीं कम है। केन जैसे खिलाड़ी की वापसी से टीम को मजबूती मिलती है, क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। वह (यंग) एक बेहतरीन टीम मैन है और उसने निश्चित रूप से कुछ भी गलत नहीं किया है। यह एक कठिन निर्णय था, लेकिन जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं तो आपको कठिन निर्णय लेने होते हैं और इसका मतलब है कि आपकी टीम अच्छी स्थिति में है। यंगी के लिए दुखी हूं, लेकिन केन के वापस आने से उत्साहित हूं।

कीवी कप्तान ने स्मिथ को डेब्यू पर एक मजबूत छाप छोड़ने का भी समर्थन किया। क्राइस्टचर्च प्रतियोगिता में चौथे सीमर की भूमिका के लिए, साथी तेज गेंदबाज जैकब डफी को हराकर गेंदबाजी ऑलराउंडर ने अपना पहला टेस्ट कैप जीता।

लाथम ने संवाददाताओं से कहा, वह (नाथन स्मिथ) ऐसा खिलाड़ी है जो गेंद को हवा में दोनों तरफ घुमा सकता है, और विकेट पर काफी जोर से हिट कर सकता है। वह हमारे गेंदबाजी आक्रमण को अन्य तीन खिलाड़ियों के साथ काफी अच्छी तरह से संतुलित करता है। और वह थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है - वह एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है, जो निश्चित रूप से हमारी टीम के संतुलन में मदद करता है।

स्मिथ ने हाल के वर्षों में न्यूजीलैंड में घरेलू क्रिकेट में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन और इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ दो वनडे मैचों के बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की स्थिर शुरुआत के दम पर टेस्ट डेब्यू किया। उन्होंने पिछले साल प्लंकेट शील्ड सीजन के दौरान 17.18 की औसत से 33 विकेट लिए और 26 वर्षीय खिलाड़ी का प्रथम श्रेणी बल्लेबाजी औसत 27.02 है।

उन्होंने कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने वेलिंगटन के लिए समय-समय पर नतीजे दिए हैं - वह लगातार दो सीजन से घरेलू खिलाड़ी का खिताब जीत रहा है। ऐसा खिलाड़ी होना बहुत अच्छा है जिसने अपनी जगह बनाई है और निश्चित रूप से इस एकादश में शामिल होने का हकदार है। हम कल उसके पीछे आने का इंतजार कर रहे हैं।

न्यूजीलैंड वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है और अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट में बेन स्टोक्स की टीम पर 3-0 की सीरीज वाइटवॉश के साथ जगह बना सकता है।



## वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को दी करारी शिकस्त

एजेंसी, नई दिल्ली

एंटीगुआ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 201 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। यह जीत वेस्टइंडीज के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में संघर्ष कर रहे थे। सीरीज का पहला मुकाबला जीतकर वेस्टइंडीज ने विजयी आगाज किया। वेस्टइंडीज की टीम ने दूसरी पारी में बांग्लादेश को जीत के लिए 334 रन का टारगेट दिया था, लेकिन मेहमान टीम 132 रन पर ही ढेर हो गई और इस तरह विंडीज टीम ने 201 रन पर ही मैच जीत लिया। इस मैच में मिली जीत के साथ ही ड्डब्लूटी क्ष्ष्ठद्बद्धह्ल ड्डद्धड्डद्बद्भह्य में बड़ा बदलाव हुआ। वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को दी करारी शिकस्त

वेस्टइंडीज टीम ने पहले टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करते हुए जस्टिन ग्रीव्स के शतक और केमार रोच के अर्धशतक की बदौलत 450 रन पर पारी घोषित की थी। पहली पारी में वेस्टइंडीज की तरफ से स्द्धद्भ4द्धद्ग स्रुद्बद्धड्ढ ने 97 रन, जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 115 रन और एलिक अथानाजे के बल्ले से 90 रन निकले। इसके बाद बांग्लादेश पहली पारी में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के सामने ढह गई और 269/9 रनों पर पारी घोषित कर दी। इसके बाद दूसरी पारी में वेस्टइंडीज ने 152 रन बनाए। इस तरह बांग्लादेश को जीत के लिए 334 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने उन्हें 132 रनों पर आउट कर दिया और 201 रन से यह मैच जीत लिया। ड्डब्लूटी क्ष्ष्ठद्बद्धह्ल ड्डद्धड्डद्बद्भह्य में बांग्लादेश की टीम को वेस्टइंडीज द्वारा मिली हार के बाद नुकसान हुआ। वेस्टइंडीज की टीम डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में 9वें स्थान से उछलकर 8वें पायदान पर पहुंच गई है, जबकि बांग्लादेश की टीम फिर से 9वें स्थान पर खिसक गई है। बांग्लादेश की टीम इस मैच से पहले 27.50 जीत प्रतिशत के साथ 8वें स्थान पर थी, लेकिन अब इस स्थान पर वेस्टइंडीज है, जिसका जीत प्रतिशत बढ़कर 18.52 से 26.67 हो गया है, जबकि बांग्लादेश का जीत प्रतिशत 25 का हो चुका है। दोनों टीमें ड्डब्लूटी स्रद्धद्बड्ड की रेस से बाहर हैं। वहीं, नंबर-1 पर भारतीय टीम अभी भी बरकरार है, जबकि दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम काबिज है।



प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार, 28 नवम्बर 2024

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय सड़कों पर एक लाखवां अर्बन क्रुजर हाइराइडर होने का जश्न मनाया

**एजेंसी, बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी–एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है। जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है– सेल्फ–चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक [एसएचईवी], नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन।




अर्बन क्रूजर हाइडर के केंद्र में इसका 1.5–लीटर का इंजन है जिसमें टीएचएस (टोयोटा हाइब्रिड सिस्टम) और ई–ड्राइव ट्रांसमिशन है, जो 85 केडब्ल्यू का संयुक्त पावर आउटपुट देता है। हाइराइडर की हाइब्रिड सिस्टम बाहरी चार्जिंग की आवश्यकता को समाप्त करती है, जिससे ग्राहकों के लिए हर समय सुविधा सुनिश्चित होती है। इसका अत्याधुनिक हाइब्रिड सिस्टम एक सहज और शांत ड्राइव प्रदान करता है, जो इंस्टेंट पावर डिलीवरी से युक्त है। यह, इसके उत्तरदायी प्रदर्शन और शांत संचालन के साथ मिलकर पर्यावरण के प्रति जागरूक लेकिन गतिशील ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, बहुमुखी प्रतिभा और शक्ति चाहने वाले ग्राहकों ने नियो ड्राइव पावरट्रेन को भी अपनाया है, जो एक वैकल्पिक ऑल–व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) सिस्टम के साथ आता है – शहरी आवागमन और चुनौतीपूर्ण इलाकों दोनों के लिए बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है ।

अर्बन क्रूजर हाइराडर को बेहतरीन मूल्य प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन ईंधन दक्षता के साथ उन्नत सुविधा और प्रदर्शन सुविधाओं का सहज मेल है। टिकाऊ गतिशीलता के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, एसयूवी वर्ग–अग्रणी माइलेज प्रदान करता है। सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों में यह 27.97 किमी/ लीटर* तक , नियोड्राइव (एमटी) में 21.12 किमी/लीटर* और सीएनजी मोड में 26.6 किमी/किलोग्राम* तक है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स–सर्विस–यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री सबरी मनोहर ने कहा, 卐अर्बन क्रूजर हाइराइडर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया भारतीय ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप अभिनव गतिशीलता समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं है; यह एसयूवी प्रौद्योगिकी में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देती है जो स्थिरता, प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देती है। अर्बन क्रूजर हाइडर नवाचार और पर्यावरण चेतना के माध्यम से बदलाव लाने की टोयोटा की विरासत को कायम रखता है और हम अपने ग्राहकों द्वारा हम पर जताए गए भरोसे के लिए बहुत आभारी हैं। हम अपने ग्राहकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अर्बन क्रूजर हाइराइडर की सफलता और बाजार में स्वीकार्यता को ग्राहकों के लिए टोयोटा की असाधारण और उद्योग–अग्रणी सेवा लाभों से और भी बल मिलता है। टीकेएम 卐टी केयर卐 के तहत सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है जो ग्राहकों की खुशी को समृद्ध करने और दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को दर्शाता है। प्रीसेल से लेकर आफ्टरसेल और रीपर्चेज तक सब कुछ कवर करते हुए, टी केयर इन पेशकशों को एक एकीकृत ब्रांड के तहत एकीकृत करता है जिसमें टी डिलीवर, टी ग्लॉस, टी एसिस्ट, टी साथ, टी सिक्योर, टी च्वाइस, टी इंस्पेक्ट, टी स्माइल और बहुत कुछ जैसी पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। हाल ही में, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाइक्रॉस की 1,00,000 यूनिट की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न भी मनाया, जो भारतीय ग्राहकों द्वारा ब्रांड पर किये जाने वाले अपार भरोसे को दिखाता है। टीकेएम हाइराइडर की इस नई उपलब्धि का जश्न मना रहा है, वहीं कंपनी गतिशील भारतीय ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप अभिनव और विश्वसनीय उत्पादों के साथ भारत में स्थायी गतिशीलता को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780, 90, फैक्स: 0771-72227395, ई–मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 75/यो.शाखा/ न.पा.नि./24 रायपुर, दिनांक 27/11/2024

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

**नगर पालिक निगम, रायपुर लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अनुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के माध्यम से सीलबंद निविदा (पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित) अनुसार एस.ओ.आर. आयटम हेतु फार्म 'A' में कम या अधिक दर पर दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 12.12.2024 को अपरांह 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर योजना शाखा से दिनांक 10.12.2024 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा 12.12.2024 को अपरांह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकार / उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यालय भवन तृतीय तल स्थित कक्ष क्र.–410 में यूरिनल टॉयलेट निर्माण कार्य। | 99,445/- | 3,000/- | 750/- | डी एवं अधिक (नये पंजीयन नियम के अनुसार) | 20 दिवस |

**नियम शर्ते :–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।
3. निविदाकार का जीवित पंजीयन एवं इससे संबंधित समस्त दस्तावेज निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।
4. लिफाफा (अ) में अमानती राशि एवं लिफाफा (ब) में वित्तीय आफर।
5. निविदा संबंधी शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं दिवस में योजना शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
6. किसी की निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर छ.ग.**


# एचडीएफसी बैंक ने अर्ध–शहरी और ग्रामीण भारत के लिए प्रगति बचत खाता शुरू किया

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने प्रगति बचत खाते के लॉन्च की घोषणा की, जिसे विशेष रूप से भारत भर में ग्रामीण और अर्ध–शहरी लोगों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अर्ध–शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी 51 प्रतिशत शाखाओं के साथ, एचडीएफसी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना जारी रखता है। एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रगति बचत खाते का उद्देश्य भारत के कृषि क्षेत्र के लिए एक व्यापक बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिसमें किसान (पारंपरिक और मवेशी प्रजनन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और डेयरी फार्मिंग दोनों), स्व–नियोजित व्यक्ति, ग्रामीण निवासी, स्वयं सहायता समूह और सहकारी समितियाँ शामिल हैं।

अर्ध–शहरी और ग्रामीण स्थानों में एचडीएफसी बैंक की 4600 से अधिक शाखाएँ भारत की लगभग दो तिहाई आबादी तक पहुँचने के लिए उत्पाद का लाभ उठाने के लिए एक 'टचपॉइंट' के रूप में कार्य करेंगी, जिससे ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, नई पेशकश में कई उद्योग–प्रथम सुविधाएँ शामिल होंगी, जैसे कि बिगहाट के साथ साझेदारी, जिससे 17 मिलियन से अधिक किसानों को छूट और बेहतर उत्पादकता के लिए कृषि संसाधनों तक पहुँच प्राप्त होगी। इसके अलावा, बैंक एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी में टू–व्हीलर लोन (टीडब्ल्यूएल), ट्रैक्टर लोन (टीआरएल), गोल्ड लोन, किसान गोल्ड कार्ड (केजीसी) उत्पादों और मवेशी बीमा पर डिस्काउंटेड एसेट ऑफर सहित कई तरह के क्यूरेटेड




प्रस्ताव लेकर आया है। इसके अलावा, पात्र ग्राहकों को बैंक की अनूठी पेशकश – विशेष तक पहुँच प्राप्त होगी, जो। एसयूआरयू (स्त्र) ग्राहकों के लिए एक क्यूरेटेड एचएनआई पेशकश है, जो विभिन्न आवश्यकताओं वाले कृषकों के बढ़ते तबके को पूरा करेगी। एचडीएफसी बैंक के प्रगति बचत खाते का उद्देश्य बचत खाते, ऋण सहायता, डिजिटल बैंकिंग उपकरण, बीमा और सरकारी सब्सिडी तक पहुँच सहित अनुरूप समाधान प्रदान करके कृषि समुदाय के लिए वित्तीय सेवाओं की कमी को पूरा करना है। ग्रामीण डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने पर बैंक के फोकस के साथ, यह पहल किसानों और ग्रामीण निवासियों को खेती की तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण इनपुट और वित्तीय संसाधनों तक बेहतर पहुँच प्रदान करके सशक्त बनाती है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है और ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास को बढ़ावा मिलता है।

प्रगति बचत खाते की मुख्य विशेषताएँ:

– विशेष छूट: एचडीएफसी की बिगहाट के साथ साझेदारी अपने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से खेती के औज़ारों, बीजों और उर्वरकों पर विशेष छूट प्रदान करती है, जिससे किसानों को प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों तक पहुँच मिलती है।

– अनुकूलित पेशकश: प्रगति बचत खाता कम रखरखाव आवश्यकताओं और ग्रामीण और अर्ध–शहरी ग्राहकों के लिए विशेष लाभों जैसी अनुकूलित सुविधाओं के साथ आता है।

– बढ़ी हुई डिजिटल पहुँच: इस उत्पाद के साथ, एचडीएफसी बैंक का लक्ष्य वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और ग्रामीण निवासियों को ऐसी तकनीक तक पहुँच प्रदान करना है जो बैंकिंग और वित्तीय प्रबंधन को सरल बनाती है।

एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड – भुगतान, देयता उत्पाद, उपभोक्ता वित्त और विपणन श्री पराग राव ने कहा, 卐एचडीएफसी वित्तीय समावेशन और कृषि सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे प्रगति बचत खाते के माध्यम से, हम कई उद्योग–प्रथमों को पेश कर रहे हैं, जैसे कि बिगहाट के साथ हमारी साझेदारी किसानों और ग्रामीण समुदायों को उत्पादकता में सुधार, ऋण तक पहुंच और बेहतर वित्तीय परिणाम प्राप्त करने के लिए उपकरणों और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए।

# महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने छग में कौशल विकास उपलब्धियों का जश्न मनाया

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर।** महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने छत्तीसगढ़ में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी, रायपुर में 'ट्रैक्टर टेक' कौशल विकास कार्यक्रम के अपने पहले बैच के सफल समापन की घोषणा की है ‚ यह छत्तीसगढ़ राज्य में इस तरह का पहला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले युवा प्रतिभागियों को एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (स्ष्टह्व) से उनके कौशल प्रमाण पत्र प्राप्त होंगे, जो उनके करियर की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।




महिंद्रा ट्रैक्टर्स 'ट्रैक्टर टेक' कौशल विकास कार्यक्रम उम्मीदवारों को उद्योग से संबंधित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसके बाद ग्रामीण युवाओं, दोनों युवा पुरुषों और महिलाओं के लिए ऑन–जॉब प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जो भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए कौशल विकास पर माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के फोकस के साथ संरेखित है। महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने ट्रैक्टर सेवा, बिक्री और असेंबली के क्षेत्रों में कौशल विकास को कवर करने वाला एक अनूठा पाठ्यक्रम तैयार किया है, जिसे इस क्षेत्र में अनुभवी महिंद्रा ट्रैक्टर्स के प्रशिक्षकों द्वारा वितरित किया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, युवाओं को गतिशीलता और मशीनीकरण में नवीनतम उपकरणों पर व्यावहारिक अनुभव मिलता है।

इस कार्यक्रम के पूरा होने पर, केंद्र के युवाओं को जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय सोसायटी, रायपुर, छत्तीसगढ़ के साथ संयुक्त रूप से आयोजित महिंद्रा ट्रैक्टर्स 'प्लेसमेंट दिवस' के अवसर पर कैरियर के अवसरों से जोड़ा गया। ये अवसर महिंद्रा की डीलरशिप और विनिर्माण संयंत्रों में बिक्री, सेवा और असेंबली भूमिकाओं के अलावा अन्य संगठनों में भी उपलब्ध थे। महिंद्रा ट्रैक्टर्स का 'ट्रैक्टर टेक' कौशल विकास कार्यक्रम और 'प्लेसमेंट दिवस' कौशल विकास के माध्यम से व्यक्तियों को सशक्त बनाने, भारत के कार्यबल में उनके प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए महिंद्रा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटकर, कंपनी उम्मीदवारों की आजीविका को बढ़ाने और समुदायों की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने का प्रयास करती है।

# भारत ने फिनटेक उद्योग को विनियमित करने के लिए कड़े कदम उठाए : विवेक अग्रवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की सिफारिशों के अनुसार भारत में फिनटेक उद्योग को विनियमित करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (राजस्व विभाग) विवेक अग्रवाल ने इंदौर में चल रही यूरेशियन समूह की 41वीं पूर्ण बैठक के दौरान कहा कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है जो फिनटेक उद्योग को विनियमित करने के लिए एफएटीएफ की सिफारिशों पर काम कर रहे हैं।




एफएटीएफ धन शोधन, आतंकवाद और प्रसार वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी भुगतान एग्रीगेटर्स और भुगतान गेटवे को विनियमित करने के लिए अलग से दिशानिर्देश जारी किए हैं।

अग्रवाल पांच दिवसीय ईएजी बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख के रूप में भाग ले रहे हैं। वे भारत में वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा कि अब देश में वर्चुअल एसेट सेवा प्रदाताओं (वीएएसपी) के लिए एफआईयू के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, 卐डिजिटल भुगतान प्रणालियों के विकास के लिए वित्तीय प्रौद्योगिकी का विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन विशेष रूप से धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण के खतरों को देखते हुए, इस प्रौद्योगिकी के विकास की अपनी चुनौतियां हैं क्योंकि प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग से अपराधी गुमनाम रूप से साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर सकते हैं।

# जिंदल वर्ल्डवाइड लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए शानदार आय का प्रदर्शन किया, 35.2फीसदी की सालाना वृद्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जिंदल वर्ल्डवाइड लिमिटेड (बीएसई: 531543, एनएसई: एक विविधीकृत और एकीकृत कपड़ा फैब्रिक्स और शर्टिंग निर्माता तथा दुनिया के सबसे बड़े डेनिम फैब्रिक निर्माताओं में से एक, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही और छमाही के लिए अपनी आय की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे संचालन से राजस्व में सालाना 45.70% की वृद्धि होकर यह रुपे 5708 मिलियन हो गया, जो नॉर्मलाइज्ड बिजनेस ऑपरेशंस और तैयार कपड़ों की घरेलू एवं निर्यात बाजार की बढ़ती मांग के कारण हुआ। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे एबिटा में सालाना 38.30% की वृद्धि होकर यह रुपे 484 मिलियन हो गया, जिसने परिचालन लाभ में प्रमुख सुधार दिखाया। कर से पूर्व लाभ में 44.78त्न की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ में सालाना 35.2% की उन्नति हुई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के रुपे 128 मिलियन से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे बढ़कर रूपे 173 मिलियन हो गया।

30 सितंबर 2024 को समाप्त पहली छमाही के लिए, संचालन से राजस्व रूपे. 10,582 मिलियन के रूप में रिपोर्ट किया गया, जो सालाना 31.9% की वृद्धि दर्शाता है। एबिटा में 23.2% की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही मे रुपए 771 मिलियन से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही मे रुपए 950 मिलियन हो गया। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 8.98% रहा। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही मे कर से पूर्व लाभ रुपए. 480 मिलियन के रूप में रिपोर्ट किया गया, जो सालाना 34.8% की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही मे शुद्ध लाभ रुपए 354 मिलियन पर पहुंच गया, जिसका सालाना वृद्धि 34.1% रही।

1986 में डॉ. यामुनादत्त अग्रवाल द्वारा स्थापित, जिंदल वर्ल्डवाइड लिमिटेड (जिंदल) आज एक विविधीकृत और एकीकृत कपड़ा फैब्रिक्स और शर्टिंग का निर्माता है और दुनिया के सबसे बड़े डेनिम फैब्रिक निर्माताओं में से एक है। पिछले 3 दशकों में, बदलती प्रवृत्तियों और नई तकनीकी नवाचारों के साथ, कंपनी ने अपने उत्पादों को समकालीन और अद्वितीय डिज़ाइन के साथ पुन: आविष्कार किया है। कंपनी के उत्पाद बेहतर बनाने के प्रति अपने जुनून से निर्मित होते हैं। अत्याधुनिक तकनीक, नवीनतम अनुसंधान प्रयोगशालाएं, और अद्यतन डिज़ाइन हाउस के साथ, कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स को दुनिया के सामने लाती है। कंपनी की सुविधाएं अहमदाबाद, गुजरात में 4 विनिर्माण इकाइयों में फैली हुई हैं, जिसमें उच्च स्तर की स्पिनिंग, बुनाई, रंगाई और पैकिंग की एकीकृत सुविधाएं हैं। जिंदल आज नई उच्च–विकास व्यावसायिक अवसरों में विविधीकरण कर रहा है, जिसमें दो–पहिया इलेक्ट्रॉनिक वाहनों में एक उद्यम शामिल है।

# सर्वेश्वर फूड्स लिमि. की सिंगापुर सब्सिडीएरी ने 12,000 मीट्रिक टन चावल का ऑर्डर प्राप्त किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड जो कि आईएसओ 22000:2018 और यूएसएफडीए द्वारा प्रमाणित एग्रो प्रोडक्ट एफएमसीजी क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है, ने घोषणा की है कि इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ग्रीन प्वाइंट पीटीई. लिमिटेड, सिंगापुर ने प्रीमियम भारतीय लांग ग्रेन पारबॉयल्ड चावल की 12,000 मीट्रिक टन की आपूर्ति के लिए एक बड़ा ऑर्डर प्राप्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 445 मिलियन रुपये है। यह ऑर्डर सहायक कंपनी की रणनीतिक योजना का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में 2000 मिलियन रुपये का व्यवसाय प्राप्त करना है।

हाल ही में अधिग्रहित ग्रीन प्वाइंट पीटीई, जो कि सिंगापुर में स्थित है, चावल और चावल आधारित उत्पादों के बढ़ते वैश्विक बाजार के लिए एक गेटवे के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्डर सर्वेश्वर फूड्स की स्थिति को मजबूत करता है, वैश्विक चावल आधारित उत्पादों का बाजार 2023 में 226.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2031 तक 361.41 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है, जो ग्लूटेन–फ्री विकल्पों की बढ़ती मांग से प्रेरित है।

सीलिएक रोग और ग्लूटेन असहिष्णुता की बढ़ती प्रवृत्ति, साथ ही चावल–आधारित उत्पादों के स्वास्थ्य लाभों जैसे कि कम वसा और उच्च फाइबर के बारे में जागरूकता, वैश्विक मांग को बढ़ा रही है। ग्रीन प्वाइंट पीटीई. लिमिटेड इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में महत्वपूर्ण मार्केट शेयर हासिल करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है।

हम इस महत्वपूर्ण ऑर्डर और ग्रीन प्वाइंट के हमारे वैश्विक व्यवसाय में योगदान की संभावनाओं के बारे में उत्साहित हैं। उच्च गुणवत्ता के चावल आधारित उत्पादों पर हमारे ध्यान और ग्लूटेन–फ्री आहारों की बढ़ती पसंद के साथ, हम इस वर्ष इस सिंगापुर सहायक कंपनी के लिए 2000 मिलियन रुपये के लक्ष्य को प्राप्त करने में आत्मविश्वास रखते हैं,卐 श्री रोहित गुप्ता, अध्यक्ष, सर्वेश्वर समूह ने कहा। 卐हमारा कुल कारोबार 10,000 मिलियन रुपये (1000 करोड़ रुपये) का होगा, जिसमें सहायक कंपनियों का कारोबार भी शामिल रहेगा, वित्त वर्ष 2024–25 के लिए, और वो भी अच्छे मार्जिन के साथ।卐

सर्वेश्वर फूड्स अपने व्यवसाय का विस्तार करने और उभरते बाजार प्रवृत्तियों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे–जैसे चावल आधारित उत्पादों की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है, सर्वेश्वर फूड्स अपनी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए, घरेलू और वैश्विक चावल निर्यात उद्योग में अग्रणी रहने के लिए अच्छी स्थिति में है। कंपनी ने पहले ही वित्तीय वर्ष के पहले छमाही में 500 करोड़ रुपये की बिक्री को पार करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के प्रीमियम उत्पादों, विशेष रूप से 'निम्बार्क' ब्रांड के तहत इसके ऑर्गेनिक उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है, जिसने कंपनी की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता के कारण महत्वपूर्ण लाभ वृद्धि की है।

इसके पहले, बोर्ड ने प्राकृतिक ग्लोबल फूड्स DMCC, दुबई स्थित कंपनी में बची हुई हिस्सेदारी हासिल करने का निर्णय लिया ताकि इसे पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाया जा सके, जिससे कंपनी के संचालन में नियंत्रण और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया जा सके, और अंततः इसके व्यवसाय संचालन में विकास और समन्वय को बढ़ावा दिया जा सके।

सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (स्स्नरु) एक ISO 22000:2018 और USFDA (संयुक्त राज्य खाद्य और औषधि प्रशासन) प्रमाणित कंपनी है। स्स्नरु के पास अपने उत्पादों के लिए BRC (खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा वैश्विक मानक), कोशर, NPPO USA और CHINA के साथ NOP - USDA ऑर्गेनिक प्रमाणन भी है। कंपनी ब्रांडेड और अनब्रांडेड बासमती और गैर–बासमती चावल के निर्माण, व्यापार, प्रसंस्करण और विपणन के व्यवसाय में संलग्न है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में फैलता है। हमारे संचालन जम्मू क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर राज्य से आधारित हैं। सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने 130 वर्षों से अधिक समय से स्वस्थ और स्वादिष्ट चावल की सेवा करने की एक सतत और पारिस्थितिकीय विरासत बनाई है और पिछले कुछ दशकों में अपनी परंपरा को अन्य प्रीमियम स्स्नस्ह्ल और ऑर्गेनिक उत्पाद श्रेणियों में फैलाया है।

# Pratidinrajdhani.in

**Daily Morning Newspaper & Webportal**

## E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

**आम आदमी का खास अखबार**

## आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

**संपर्क करें:**

शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )

**62629 04444**

ई-मेल : pratidincg@gmail.com

E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 28, नवम्बर 2024

# नई चेतना 3.0 अभियान, जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ



दुर्ग,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) और चौतन्य संस्था के तहत नई चेतना 3.0 अभियान के अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर का भव्य शुभारंभ जनपद पंचायत कार्यालय, धमधा में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देवकी साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा रहीं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कुमार कौशिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के डीपीएम सुनील शर्मा, अमर सिंह बीपीएम प्रभारी रबीकांत सिन्हा और चौतन्य संस्था की टीम से जिला समन्वयक योगिता झिलपे एवं ट्रेनिंग एसोसिएट एमीन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, पीआरपी, मास्टर ट्रेनर, और जेंडर विषय से जुड़े समूह की दीदियों ने सक्रिय सहभागिता दी। महिलाओं और समुदाय के लिए नई पहल जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। यह मौजूद समुदायों को शिकायत निवारण, परामर्श सेवाओं, और जागरूकता अभियानों के माध्यम से सशक्त करेगा। इस पहल से सामाजिक समावेशन की दिशा में ठोस कदम उठाने में मदद मिलेगी। भविष्य की योजनाओं पर विमर्श कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जेंडर रिसोर्स सेंटर की भावी योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। सभी ने इसे सामाजिक बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सराहना की।

## कलेक्टर ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में स्थित संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने माल्यापर्ण किया। उक्त अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत कलेक्टर द्वारा मुकेश चौधरी, रानी साहू, अमित सारथी, भिलाई निवासी आशमा परवीन एवं धनजय कुमार को बैटरी चलित ट्रायसायकल एवं यामन कुमार साहू, बीरन बाई, फिरंता साहू, जतिन्दर सिंह को श्रवण यंत्र तथा अमरनाथ साहू को व्हील चेयर, भरत चंदेल को हस्तचलित ट्रायसायकल प्रदाय किया गया। साथ ही योग प्रशिक्षक हेतु प्रजापति ब्रम्हकुमारी संस्था, आर्ट ऑफ लिविंग, अखिल भारतीय गायत्री परिवार एवं पंताजलि समिति के प्रतिनिधियों को योगा दिवस कार्यक्रम में विशेष सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, एस.डी.एम. दुर्ग हरवंश सिंह मिरी समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहें।

# स्कूली छात्रा से गैंगरेप : प्राचार्य, दो शिक्षक और एक वनकर्मी निलंबित

मनेन्द्रगढ़, प्रतिदिन राजधानी

जिले नाबालिग स्कूली छात्रा से गैंगरेप के मामले में सभी आरोपी निलंबित। जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी प्रधान पाठक रावेंद्र कुशवाहा, प्राचार्य अशोक कुशवाहा, व्याख्याता कुशल सिंह परिहार को कर दिया है। साथ ही उप वन क्षेत्रपाल बनवारी सिंह को मुख्य वन संरक्षक ने भी निलंबित कर दिया है।

जनकपुर थाना क्षेत्र में भरतपुर ब्लाक के देवगढ़ हाईस्कूल के प्रिंसिपल और दो शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों पर स्कूल की एक 11 क्लास की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि, स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुशवाहा, शिक्षक रावेंद्र कुशवाहा और शिक्षक कुशल सिंह परिहार के एक वनकर्मी बनवारीलाल भी इस कांड में शामिल है। छात्रा को जान से मारने की दी थी धमकी

चारों लोग सप्ताहभर से उक्त छात्रा को एक किराए के कमरे में ले जाकर रेप कर रहे थे। शिक्षक राघवेंद्र कुशवाहा ने छात्रा का कोई वीडियो बना लिया था। शिक्षकों ने छात्रा को धमकी भी दी थी। शिक्षकों ने इस वारदात के बारे में किसी को बताने पर जान से मार डालने की चेतावनी दी थी। इस मामले में एक वनकर्मी को बनवारी पर भी रेप का आरोप है।

कांड का मास्टर माइंड बताया जा रहा रावेंद्र कुशवाहा गांव के लोगों के मुताबिक, सूत्रों के मुताबिक शिक्षक रावेंद्र कुशवाहा ही इस कांड का सरगना है। उसी ने छात्रा को बहलाया था, फिर दूसरे शिक्षकों को भी उसे सौंपा। शिक्षक रावेंद्र कुशवाहा ही नाबालिग छात्रा को किराए के कमरे में ले जाकर बारी– बारी से सभी शिक्षकों और एक वनकर्मी बनवारी को सौंपा। अब पुलिस ने वनकर्मी बनवारी लाला को भी गिरफ्तार कर लिया है।



# जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई: बिना पेपर के लोहे से भरा ट्रक पकड़ा, 50 लाख से अधिक का माल जब्त



बेमेतरा ,प्रतिदिन राजधानी

जीएसटी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोहा लदे ट्रक को पकड़ा है, जिसमें करीब 40 टन लोहा भरा हुआ है. लोहे की कीमत करीब 50 लाख के आसपास बताई गई है. ल्रस्ञ्ज विभाग की टीम ने बीती रात बेमेतरा में रायपुर पासिंग ट्रक ष्ठत्र 04 छ्वष्ठ 3551 को पकड़ा. रायपुर से जबलपुर जा रही ट्रक में करीब 40 टन लोहा भरा हुआ था. यह लोहा रायगढ़ के एक बड़े इस्पात कारोबारी का बताया जा रहा है. जीएसटी टीम ने ड्राइवर से लोहे के संबंध में पूछताछ की. ड्राइवर ने बताया कि रायपुर से लोहा लेकर वह जबलपुर के लिए निकला है, लेकिन ड्राइवर कोई दस्तावेज नहीं दे पाया. इस पर ट्रक को जब्त कर बेमेतरा रक्षित केंद्र में खड़ा किया गया है.

# जिला सहकारी बैंक में करोड़ों का घपला, एनएसयूआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

जिला सहकारी बैंक में हुए करोड़ों के घोटाले को लेकर ह्रस्ढ्ढ ने कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की. एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर एनएसयूआई ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी. इस दौरान एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी समेत सैकड़ों की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर प्रदेश का सबसे बड़ी और पुरानी वित्तीय संस्था है, जहां लाखों किसानों के करोड़ों रुपए शेयर के रूप में जमा है. बीते सालों में बैंक के अधिकारियों द्वारा ही करोड़ों रुपए का गबन किया है. बैंक कर्मी ही जब बैंक को लुटेंगे तो बाहरी चोर और डकैतों की जरूरत ही नहीं है। प्रशांत ने बताया, बैंक के सीओडी शाखा में बीते सालों में दस करोड़ से अधिक का गबन हुआ है. पिछले साल सितंबर 2023 में हमारे पार्टी के नेता और बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष पंकज शर्मा के निर्देशों पर कुछ अधिकारियों के खिलाफ मौदहापारा पुलिस थाने में अपराध दर्ज कराया गया था. अब भाजपा सरकार आने पर घोटालेबाज अधिकारी और कर्मचारियों को बचाया जा रहा है. इस घोटाले में बैंक में 20 से ज्यादा कर्मचारी सीधे तौर पर शामिल हैं, जिन पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है. किसी भी कर्मचारी को अब तक निलंबित भी नहीं किया गया है। जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहा बैंक प्रबंधन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बताया, कर्मचारी नेता मोहनलाल साहू के खाते में 20 लाख से अधिक रकम जमा हुआ है फिर भी कार्रवाई नहीं की गई है. बैंक प्रबंधन द्वारा जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है. मीडिया मे लगातार बैंक में गबन संबंधी खबरें प्रकाशित हो रही है. उसके बाद भी घोटालेबाजों पर बैंक प्रबंधन कार्रवाई नही कर पा रहा है. दोषी कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर अपराध दर्ज कराएं. एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर बैंक मुख्यालय का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा. इसकी जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन की होगी।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत 30 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र




अम्बिकापुर,प्रतिदिन राजधानी

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत 30 हितग्राहियों को 30 दिवस यानी कुल 200 घंटे का माली प्रशिक्षण शासकीय उद्यान अंबिकापुर में प्रदाय किए जाने के उपरांत बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त इन 30 प्रशिक्षणार्थियों को 27 नवंबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नूतन कंवर, जनपद पंचायत अंबिकापुर की अध्यक्ष जानकी सिंह, कृषि स्थाई समिति अंबिकापुर के अध्यक्ष सतीश यादव एवं उपसंचालक उद्यान अंबिकापुर जयपाल सिंह मरावी की उपस्थिति में प्रमाण पत्र एवं टूल कीट वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# लक्जरी कार में गांजा तस्करी, लाखों का गांजा जब्त, 2 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार....



महासमुंद,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ में नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना सिंघोड़ा और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एक कार से गांजा तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। थाना सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक एक सफेद स्विफ्ट डिज़ायर कार (क्र92,रु6791) में भारी मात्रा में गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम रेहतीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में खाकी टेप से लिपटे 30 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 4 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए तस्करों के नाम नीरज कुमार मिश्रा (34 वर्ष) और अंशुल कुमार अहिरवार (21 वर्ष) हैं। दोनों उत्तर प्रदेश के जालौन के निवासी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 मोबाइल फोन और मारुति स्विफ्ट डिज़ायर कार जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को ट्रक ने कुचला, एक की मौत




जांजगीर,प्रतिदिन राजधानी

जिले से सड़क हादसे को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। जहां एक ट्रक ने मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी भारद्वाज, ज्योति यादव और सुनीता बरेठ पुलिस लाइन के समीप मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, इस दौरान खोखरा की ओर से आ रहे अनियंत्रित डाक पार्सल लिखे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक प्रवीण भारद्वाज की पत्नी लक्ष्मी भारद्वाज की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं ज्योति यादव और सुनीता बरेठ को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दाखिल कराया गया है। जहां जरूरी उपचार के बाद सिम्स, बिलासपुर रेफ्र कर दिया गया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# युवक ने मांगी इच्छा मृत्यु : इच्छा लिखकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा युवक



राजनांदगांव ,प्रतिदिन राजधानी

राजनांदगांव कलेक्ट्रेट कार्यालय में संविधान को न मानने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के चलते एक युवक अपने और अपने परिवार के लिए इच्छा मृत्यु मांगने पहुंच गया।

जिले के घुमका तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उपरवाह में ग्राम के कुछ प्रमुख लोगों के द्वारा मिलकर फगूराम साहू और उसके पूरे परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिया कर दिया गया है। मामले को लेकर कार्रवाई नहीं होने के चलते कानून को धता बताने वाले लोगों के हौसले बुलंद है। एक सादे कागज में अपने साथ अपने परिवार की मौत के फरमान की इच्छा लिखकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे 26 वर्षीय रितेश कुमार साहू ने कहा कि उनके पिता फगूराम साहू ने गांव में ही अपने पूर्वजों की भूमि पर पक्का मकान बनवाया हुआ है और मकान के मुहाने पोर्च बनवाया है। इस पोर्च को तोड़ने को लेकर गांव के कुछ प्रमुख लोगों के द्वारा उनके पिता पर दबाव दिया गया, लेकिन जब उन्होंने पोर्च नहीं तोड़ा तो उनके परिवार का गांव में हुक्का–पानी बंद कर दिया गया। पीड़ित ने कहा कि इससे पहले भी गांव के उन लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की जा चुकी है लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई कुछ नहीं हुई।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, 4 युवक घायल, 2 की हालत गंभीर



कवर्धा,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक बार फिर रफ्तार ने कहर बरपाया। नेशनल हाईवे 30 पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार युवक घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, सभी युवक बोडला थाना क्षेत्र के ग्राम खरिया के रहने वाले थे और रानीदहरा वाटरफॉल घूमने के लिए निकले थे। घटना उस वक्त हुई जब वे बैरख के पास पहुंचे, जहां तेज रफ्तार में चल रही स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। इस भीषण हादसे में कार में सवार चारों युवक घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास के राहगीरों ने घायलों की मदद की और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन–फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में कवर्धा जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया। बोडला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा किस कारण हुआ। इस बीच, पुलिस ने लोगों से सड़क पर सुरक्षित रफ्तार से चलने की अपील की है, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# श्री सीमेंट फैक्ट्री में हादसा, एक मजदूर की मौत



बलौदाबाजार,प्रतिदिन राजधानी

बलौदाबाजार के खपराडीह स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री में बुधवार सुबह एक मजदूर का शव सेलो में मिलने से हडकंप मच गया। मृतक की पहचान अशोक सिंह (33 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के चचाई थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवार का निवासी था। अशोक श्री सीमेंट फैक्ट्री के नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा था और बीती रात अचानक गायब हो गया था। बुधवार सुबह उसका शव फैक्ट्री के सेलो में बरामद हुआ, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतक के परिवार और मजदूर संघ ने इस हादसे पर गहरी चिंता जताते हुए 50 लाख रुपये मुआवजा राशि की मांग की है। साथ ही, उन्होंने इस मामले में सुरक्षा की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। मजदूर संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि अशोक की मौत के पीछे फैक्ट्री प्रबंधन और ठेकेदार की लापरवाही का हाथ है, क्योंकि सुरक्षा उपायों में ढिलाई के कारण यह हादसा हुआ।

यह पहली बार नहीं है जब श्री सीमेंट फैक्ट्री में किसी हादसे ने मजदूरों की जान ली हो। इससे पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मजदूरों की सुरक्षा को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सवाल यह है कि अगर मजदूर ऊंचाई पर काम कर रहा था, तो क्या उसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के लिए सही तरीके से प्रशिक्षित किया गया था? क्या ठेकेदार और कंपनी प्रबंधन ने सुरक्षा उपायों की पूरी जिम्मेदारी निभाई थी?

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 21 लाख रुपए ठगी, मामला दर्ज

बिलासपुर,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ में इन दिनों ठगी के मामले सोशल मीडिया के माध्यम से तेजी से बढ़ रहे हैं। एक और ऐसा ही मामला बिलासपुर से सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति को फेसबुक पर दोस्ती करने के बाद अश्लील वीडियो भेजने के लिए मजबूर किया गया और फिर उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 21 लाख रुपए की ठगी की गई। जानकारी के मुताबिक, शहर के एक निवासी ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया कि उसे एक फेसबुक आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली। उस आईडी से दोस्ती करने के बाद दोनों के बीच लगातार बातचीत चलती रही। इस बातचीत के दौरान आरोपी ने पीड़ित को अपने जाल में फंसाया और एक अश्लील वीडियो भेजने के लिए दबाव डाला। बाद में आरोपी ने उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और पैसों की मांग शुरू कर दी। धमकियों से परेशान होकर, पीड़ित ने आरोपी के बताए बैंक खाते में कई किश्तों में कुल 21 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन, जब आरोपी की पैसों की मांग लगातार बढ़ती गई, तो पीड़ित ने आखिरकार साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से मदद मांगी। साइबर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने यह आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सोशल मीडिया के जरिए हो रही ठगी की बढ़ती घटनाओं को उजागर करता है, जो लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता को स्पष्ट करता है।

# राम मंदिर के पुजारियों के लिए तैयार हुई नियमावली, जल्द ही ड्रेस कोड की व्यवस्था भी होगी लागू




**नई दिल्ली,एजेंसी**

राममंदिर में पूजा-पाठ के लिए प्रशिक्षित किए गए नए अर्चकों को जल्द ही राममंदिर में पूजा-पाठ की जिम्मेदारी मिल सकती है। राम मंदिर के पुजारियों के लिए नई नियमावली भी तैयार की गई है। नए पुजारियों को इस नियमावली का पालन करना होगा। नियमावली की सबसे खास बात यह है कि पुजारियों को रोटेशन के अनुसार परिसर के सभी मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए लगाया जाएगा। राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों राम मंदिर में प्रशिक्षित पुजारियों की तैनाती के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाया गया था। 20 पुजारियों को छह माह का प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण पूरा करने वाले पुजारियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है। अब इन पुजारियों को राममंदिर समेत परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए लगाने पर सहमति बन गई है। इसके लिए नई नियमावली तैयार की गई है। इसके तहत पुजारी राम मंदिर समेत सभी मंदिरों में रोटेशन के अनुसार पूजा-पाठ करेंगे। अलग-अलग तिथि व शिफ्ट में पुजारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पूजा-पाठ की जो संहिता बनाई गई है, उसका पालन करना होगा। किसी के यहां प्रसव या निधन होने पर उस पुजारी को खुद मंदिर में नहीं आना चाहिए। मतलब यह है कि अपवित्र स्थिति में मंदिर में प्रवेश वर्जित होगा। ड्रेसकोड पर भी विचार चल रहा है।

## बंद पड़े मदरसे में मिला बच्चे का कंकाल



**नई दिल्ली,एजेंसी।** जाजमऊ के पोखरपुर फार्म रोड पर चार साल से बंद पड़े मदरसे में बुधवार को एक कंकाल बरामद हुआ। सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही डीएनए सैंपल भी लिया जाएगा। नई सड़क निवासी परवेज अख्तर ने वर्ष 2015 में मदरसा कदरिया उलूम का संचालन शुरू किया था। इसमें आसपास के प्राइमरी स्तर के करीब 70 से 80 बच्चे पढ़ते थे। 100 वर्गगज में बना दो मंजिला मकान परवेज ने बेकनगंज निवासी अपने ससुर शब्बीर अहमद से लिया और उसे कदरिया उलूम नाम देकर मदरसा संचालन शुरू किया। करीब चार साल पहले कोरोना काल में मदरसे का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद परवेज की कैंसर की चपेट में आने से जून 2022 में मौत हो गई थी। परवेज के बेटे हमजा ने बताया कि दो साल पहले भी मकान का ताला टूटा होने की जानकारी पर आए थे। उस दौरान उन्होंने दूसरा ताला बंद कर दिया था। हमजा के अनुसार केडीए निवासी उनका ममेरा भाई अनस सड़क से निकला तो मकान का ताला टूटा देख वह आसपास के लोगों के साथ मकान में दाखिल हुआ। पीछे के कमरे में एक बच्चे का कंकाल पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। बच्चे का कंकाल मिलने की सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंचे एडिशनल डीसीपी राजेश श्रीवास्तव, एसीपी कैंट अजय मिश्रा ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए। चार साल से मदरसा बंद, फिर 20 मई 2023 को कौन पढ़ा गया मदरसे की बिल्डिंग में बाहर लोहे का गेट लगा है। अंदर प्रवेश करने से पहले लोहे का चैनल है। इसके अंदर एक ओर प्रथम तल जाने के लिए जीना बना है। वहीं, दूसरी ओर एक क्लास रूम है, जिसमें धूल से सनी कुछ सीटें व बेंच पड़ी हुई थीं। चौंकाने वाली बात यह है कि ब्लैक बोर्ड में क्लास वर्क में 20/05/2022 की तारीख लिखी है, जबकि परिवार और रिश्तेदारों का दावा है कि कोरोना काल से पढ़ाई बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि उस दिन कौन पढ़ा गया।

## प्रदेश में बढ़ी ठिठुरन,सात से अधिक शहरों का तापमान 10 डिग्री से नीचे लुढ़का

नई दिल्ली। उत्तर भारत के पहाड़ों में लगातार बर्फबारी से मध्य प्रदेश में भी ठिठुरन बढ़ गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों का तापमान 12 डिग्री से नीचे दर्ज किया जा रहा है, वहीं सात शहरों का तापमान 10 डिग्री से नीचे लुढ़क गया है। बैतूल के एक शॉपिंग कांप्लेक्स में रात में सो रहे युवक की मौत की घटना सामने आई है। वायरल वीडियो से अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत ठंड की वजह से हुई है। शॉपिंग कांप्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे के वीडियो में युवा ठंड से ठिठुरता हुआ दिख रहा है। कभी उठता है कभी लेट जाता है। कुछ देर बाद प्लास्टिक ओढ़ कर सो जाता है। इसके बाद फिर नहीं उठाता है। प्रदेश के शहरों में दिन और रात के तापमान में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। प्रदेश के अधिकतर शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे आ गया है।

## ब्रेक नहीं लगने से सड़क पर पलटी कार, एक युवक की मौत



**पिथौरागढ़,एजेंसी।** पनार-गंगोलीहाट सड़क पर टिम्टा के पास एक स्विफ्ट डिजायर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र सिंह(24)निवासी निगल्टी अपनी बहन को छोड़ने के लिए रस्यूडा जा रहे थे। टिम्टा के पास ब्रेक नहीं लगने से गाड़ी पहाड़ी से टकराकर सड़क पर ही पलट गई। इस दौरान देवेंद्र गाड़ी के नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने उन्हें कार के नीचे से निकला। जिला अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई।

## उत्तराखंड को मिली मेजबानी, औली में 29 जनवरी से होंगे विंटर गेम्स



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ ने राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को दे दी है। अब औली में शीतकालीन खेलों का आयोजन 29 जनवरी से दो फरवरी तक किया जाएगा। इसके तहत अल्पाइन सलालम, जाइंट सलालम, स्नो बोर्ड, नोडिक, स्की माउंटेनिंग प्रतियोगिताएं होंगी। मौसम की मेहरबानी रही तो देश के स्कीइंग खिलाड़ी औली के ढलानों पर अपना हुनर दिखाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को देने की मंजूरी दे दी है।

## लोकसभा सत्र का दूसरा दिन: कांग्रेस सांसदों ने किया हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को एक बार फिर से अडाणी का मुद्दा गर्म रहा। कांग्रेस के सांसदों ने अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में जोरदार हंगामा किया। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने अडाणी के खिलाफ आरोपों को लेकर लोकसभा में विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा के साथ ही राज्यसभा में भी अडाणी मुद्दे को लेकर विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। वहीं, राहुल गांधी ने एक बार फिर से गौतम अडाणी के मुद्दे पर सरकार को घेरा।

# 100 से ज्यादा उपद्रवियों के पोस्टर जारी, नुकसान की होगी वसूली



**संभल,एजेंसी**

संभल में हुई हिंसा में शामिल 100 से ज्यादा उपद्रवियों को चिह्नित कर पुलिस ने बुधवार को उनके पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी कर दिए। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि वीडियो और सीसीटीवी फुटेज की मदद से चिह्नित किए गए आरोपियों के पोस्टर शहर के चौराहों पर भी लगाए जाएंगे। उपद्रवियों से ही हिंसा में हुए नुकसान की वसूली भी की जाएगी। बुधवार को भी पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश दी और कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया। पुलिस ने रविवार को संभल की जामा मस्जिद के बाहर, नखासा और हिंदूपुरा खेड़ा क्षेत्र में उपद्रव करने वाले 100 से ज्यादा आरोपियों को चिह्नित कर लिया है। ड्रोन कैमरों, पुलिस द्वारा बनाए गए वीडियो, मीडिया के जरिये मिली तस्वीरों और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से पुलिस ने इन आरोपियों को चिह्नित किया है। एसपी ने कहा कि किसी भी निर्दोष को डरने की जरूरत नहीं है लेकिन जो लोग उपद्रव में शामिल रहे हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। एसपी ने लोगों से उपद्रवियों की सूचना देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और उन्हें इनाम भी दिया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि पोस्टर जारी होने के बाद उपद्रवियों को पकड़ने में आसानी होगी। वहीं बुधवार को भी चिह्नित किए गए उपद्रवियों की तलाश में पुलिस ने शहर से गांवों तक ताबड़तोड़ दबिश दी। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उपद्रवियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। शहर में तनावपूर्ण शांति के बीच एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी मुनिराज जी और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने फोर्स के साथ हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में घूमकर दुकानदारों से व्यापार करने की अपील की। रविवार से बंद संभल तहसील क्षेत्र की इंटरनेट सेवाएं बुधवार को भी बहाल नहीं हो सकीं। जिला प्रशासन ने संभल में इंटरनेट सेवाओं पर शुक्रवार शाम तक के लिए प्रतिबंध और बढ़ा दिया।

## अखिलेश यादव बोले- उपचुनाव में भाजपा के लोगों ने कम प्रशासन ने ज्यादा मेहनत की



**एजेंसी,राजगढ़**

अंबेडकरनगर जिले के दौरे पर पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा है कि कटेहरी का परिणाम शासन-प्रशासन ने छीना है। यह सपा की जीती हुई सीट थी जिसे भाजपा ने बेईमानी से जीता है। जब भाजपा को लगा कि खुद नहीं जीतेंगे तो अफसरों को आगे कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें चुनाव लड़ने का नया तरीका सिखाया है। कोचिंग दी है। हमारी सरकार आने पर हम अफसरों को देखेंगे। उन्होंने कहा कि इन चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कम प्रशासन ने ज्यादा वोट डाला। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव लखनऊ और दिल्ली के बीच की लड़ाई थी, जिसमें लखनऊ को दिखाना था कि हम जीत गए। इस चुनाव में लोकतंत्र और संविधान पर चोट की गई। एनटीपीसी और निजी कंपनियों के सीएसआर का उपयोग कर जिले में स्कूटी और सिलाई मशीन बांटी गई। प्रधान और कोटेदार के साथ क्या हुआ सबको पता है। संभल की घटना को साजिश बताते हुए कहा कि जिस तरह कुछ लोग माहौल खराब कर दिल्ली तक पहुंचे। अब उसी राह पर यूपी में चलने की कोशिश हो रही है। अखिलेश ने सुप्रीम कोर्ट से मामले का स्वत: संज्ञान लेने की मांग की। कहा कि चुनावी बेईमानी से ध्यान हटाने के लिए भी संभल कांड कराया गया। दूसरे सर्वे में भाजपा के लोग नारे लगाते चल रहे थे उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

# अदाणी पर आरोपों की जांच के लिए संसद में जेपीसी की मांग, हंगामे के चलते नहीं चल सके दोनों सदन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



संसद में अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को कार्यवाही बाधित रही तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल की कार्यवाही अवरुद्ध रही। लोकसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह प्रारंभ होने के साथ ही कांग्रेस के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठाने का प्रयास करने लगे, वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा की घटना को उठाने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल शुरू कराया। इस बीच, कांग्रेस और सपा के कई सदस्य आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। बिरला ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अरुण गोविल का उल्लेख करते हुए

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

नि.आ.क्र. /35 / व.ले.लि./ का.अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड / 2024
बीजापुर, दिनांक 22.11.2024

-:: संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर, जिला बीजापुर में छत्तीसगढ क्रय एवं भण्डार अधिनियम का पालन करते हुए निम्नलिखत सामग्री प्रदाय हेतु मुहरबंद निविदाएँ फार्म-सी आमंत्रित की जाती है।
सामग्री का विवरण - उपखण्ड बीजापुर के अन्तर्गत स्थापित हैण्डपंपों के संचालन एवं संधारण के लिए सामग्री प्रदाय कार्य

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 01 के अनुसार ) | 6.25 |
| 2 | हैण्डपंप संचालन एवं संधारण सामग्री क्रय कार्य। (शेड्यूल 02 के अनुसार) | 4.08 |

नोट:- उपरोक्त कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.12.2024 है। साथ ही निविदा कार्यों की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यलयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बीजापुर

G-242504100/3

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./16041/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16041
वार्ड का नाम -20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802C00796 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUNDARI BAI पिता/पति श्री/श्रीमती RATAN LAL MALIK के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Shekh Shakila पिता/पति श्री/श्रीमती Mohammad Azim ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./16052/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16052
वार्ड का नाम -2 पं.जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802I01307 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DR.ALOK KUMAR SHUKLA पिता/पति श्री/श्रीमती LT.V.K SHUKLA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SUSHILA DEVI GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती SUSHILA DEVI GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./16053/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16053
वार्ड का नाम -2 पं.जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802I01015 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANIL KUMAR SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती MATHURA PRASAD SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती INDU MEHTA पिता/पति श्री/श्रीमती ALENDRA KUMAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 16054/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16054
वार्ड का नाम -9-डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227O0293A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Laxman dhiwar पिता/पति श्री/श्रीमती Kartik dhiwar के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती मोहित धीवर पिता / पति श्री/श्रीमती स्व.लक्ष्मण धीवर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 16055/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16055
वार्ड का नाम -9-डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227O00293 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LAX-MAN DHIWAR पिता/पति श्री/श्रीमती KARTIK DHIWAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती मनोहर धीवर पिता / पति श्री/श्रीमती स्व.लक्ष्मण धीवर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 16060/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16060
वार्ड का नाम -8-मोतीलाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226Q00023 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RANJIT KAUR पिता/पति श्री/श्रीमती HARDAYAL SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती रामेन्द्र प्रताप सिंह पिता / पति श्री/श्रीमती रमेश कुमार सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 16063/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2024
रायपुर दिनांक 27/11/2024

इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 16063
वार्ड का नाम -9-डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227T00412 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RADHA DEVI AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती MOHAN LAL AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 1.राधा देवी अग्रवाल 2.आकाश कुमार अग्रवाल 3. अभिषेक अग्रवाल 4. ज्योति दीपक अग्रवाल 5. श्रद्धा अग्रवाल पिता / पति श्री/श्रीमती स्व. मोहन लाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ में पहली बार एमएमआई में सचेत मरीज की सफल ब्रेन ट्यूमर सर्जरी




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** एमएमआई नारायणा हेल्थ अस्पताल रायपुर ने छत्तीसगढ़ में पहली बार जागते हुए मरीज की क्रैनियोटोमी और न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक का उपयोग करते हुए ब्रेन ट्यूमर हटाने की सफलतापूर्वक सर्जरी की गयी । यह उन्नत प्रक्रिया 25 वर्षीय मरीज के लिए नई उम्मीद लेकर आई और अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्टता को दर्शाती है।

इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ. घनश्याम ससापारधी ने किया, जो ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में विशेषज्ञ हैं। मरीज को बार–बार दौरे पड़ रहे थे और मस्तिष्क के उस हिस्से में ट्यूमर पाया गया था जो बोलने और शरीर के दाहिने हिस्से की गतिविधियों को नियंत्रित करता है। ट्यूमर की संवेदनशील स्थिति को ध्यान में रखते हुए, डॉक्टरों ने जागते हुए क्रैनियोटोमी करने का निर्णय लिया।

इस प्रक्रिया के दौरान, मरीज को स्थानीय एनेस्थीसिया देकर पूरी तरह चेतना में रखा गया। ऑपरेशन के दौरा डॉक्टर मरीज से बात करते रहे और को अपने शरीर के भागो में गतिविधि करने के लिए कहते रहे ।जिससे वास्तविक समय में मरीज के मस्तिष्क की गतिविधियों में निगरानी करने में मदद मिलती है । न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक ने सर्जरी को अत्यधिक सटीक और सुरक्षित बनाया, जिससे स्वस्थ मस्तिष्क संरचना को किसी भी क्षति से बचाया जा सका। इस तकनीक से मरीज को लखवा होने का खतरा नहीं रहता है एवं मरीज का मनोबल बना रहता है और रिकवरी भी जल्दी होती है ब्रेन ट्यूमर की इस एडवांस तकनीक से राज्य के मरीजों को हैदराबाद , मुंबई जैसे बड़े शहरो में जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

डॉ. घनश्याम ससापारधी ने इस उपलब्धि पर कहा, हमें गर्व है कि हम अपने मरीजों को बिना बेहोश किये क्रैनियोटोमी सर्जरी की गयी हैं। यह तकनीक हमें ट्यूमर को पूरी तरह हटाने में मदद करती है और मस्तिष्क के महत्वपूर्ण कार्य, जैसे बोलना, याददाश्त और गतिविधियों को सुरक्षित रखने का अवसर देती है।


सर्जरी के बाद, मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार आया और सर्जरी के तीसरे दिन अस्पताल से स्वस्थ होकर छुट्टी ले ली। इस सफलता में डॉ. एच.पी. सिन्हा (न्यूरोलॉजिस्ट) और टीम, डॉ. राकेश चंद, डॉ. धर्मेश कुमार लाड (एनेस्थीसियोलॉजिस्ट) और टीम, और डॉ. प्रदीप शर्मा (क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ) और टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एम एम आई नारायणा हेल्थ अस्पताल रायपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर, अजित बेलमकोंडा ने कहा, यह सर्जरी हमारी मेडिकल टीम की उत्कृष्टता और उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमारा लक्ष्य नवीनतम तकनीक और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल के साथ मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है।卐

इस ऐतिहासिक सर्जरी के साथ, एम एम आई नारायणा हेल्थ अस्पताल रायपुर ने मरीज–केंद्रित और उन्नत चिकित्सा सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। अस्पताल आधुनिक तकनीक और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिससे मरीजों को जीवन में नई उम्मीदें मिल रही हैं।

# कृषि विवि के स्टार्टअप के उत्पाद जापान और अन्य एशियाई देशों में बिकेंगे

## जापान के औद्योगिक समूह के साथ हुआ अनुबंध



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में संचालित एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेन्टर, (राबी) के स्टार्टअप ''उर्वरक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड'' एवं ''कोनोइके ग्रुप, जापान'' के बीच आज यहां एक एम.ओ.यू. हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की उपस्थिति में उर्वरक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक अनिल पासरी एवं कोनोइके ग्रुप के महाप्रबंधक कात्सुफुमि ओत्सुकी ने एम.ओ.यू. में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कोनोइके ग्रुप सीनियर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर हीरोशी सोएजिमा, कार्यकारी अधिकारी तोशिहिरो फुजिवारा और उनकी टीम सहित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक एवं निदेशकगण तथा कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता एवं एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेन्टर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. हुलास पाठक एवं उद्योगपति उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि इस अनुबंध के तहत छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप ''उर्वरक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड'' द्वारा उत्पादित ''सॉइल कंडीशनर'' एवं अन्य उत्पादों को जापान और अन्य उपमहाद्वीपों के देशों में विक्रय किया जा सकेगा। उर्वरक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्टील स्लैग से एक अभिनव उत्पाद, सॉइल कंडीशनर विकसित किया है, जिसमें 13 प्रमुख सूक्ष्म पोषक तत्व हैं। यह उत्पाद फसल उत्पादन में वृद्धि करता है और किसानों की आय को बढ़ाता है।

एमओयू समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने स्टार्टअप को बधाई दी और जापानी प्रतिनिधियों के साथ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के स्टार्टअप इकोसिस्टम को साझा किया। उन्होंने भविष्य में और अन्य स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने का स्वागत किया, ताकि वैश्विक स्तर पर विकास हो सके। कोनोइके ग्रुप के महाप्रबंधक कात्सुफुमि ओत्सुकी ने अपने संबोधन में अपनी लॉजिस्टिक्स कंपनी और जापान में इस उत्पाद को बाजार में लाने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने जापान की औद्योगिक संस्कृति और वहां के औद्योगिक क्षेत्र के जीडीपी में योगदान के बारे में बताया।

# पूर्व मंत्री का बयान: ईवीएम से होगा चुनाव तो कांग्रेस नहीं लड़ेगी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईवीएम से चुनाव होंगे तो कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं



लड़ेगी। अगर ईवीएम से चुनाव होंगे तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।

## बैलेट पेपर से चुनाव कराने की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से छेड़छाड़ की संभावना के चलते बैलेट पेपर से वोटिंग कराए जाने की याचिका खारिज कर दिया गया है। न्यायाधीश विक्रमनाथ और न्यायाधीश पीबी वराले की पीठ ने मंगलवार को इस याचिका पर फैसला लेते हुए इसे खारिज कर दिया। याचिका डॉ. के ए पॉल ने लगाई थी।

जस्टिस विक्रमनाथ ने कहा कि जब चंद्रबाबू नायडू और जगन मोहन रेड्डी जैसे दिग्गज चुनाव हार जाते हैं तो ईवीएम से छेड़खानी की बात होती है। वहीं, जब वे चुनाव जीतते हैं तो यह सारी बातें भूल जाते हैं। जबकि ईवीएम ने बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान की समस्या का समाप्त कर दिया है।

# बढ़ाई जाएगी सलीम राज की सुरक्षा : गृहमंत्री शर्मा

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को मिली धमकियों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि, सलीम राज को धमकी देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका प्रयास सुचिता और शुद्धता के लिए है। सलीम राज की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।



## यह है पूरा मामला

वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज की शिकायत पर FIR दर्ज कर ली गई है। लगातार मिल रही धमकियों की शिकायत के बाद आज़ाद चौक थाने में बीएनएस की धारा 296, 351–3, 351–4 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को जम्मू–कश्मीर, केरल के साथ पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान से मोबाइल कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वक्फ बोर्ड ने राज्य में नमाज के पहले दी जाने वाली तकरीर को लेकर एक नया नियम लागू किया है। इस नियम के तहत तकरीर में सिर्फ और सिर्फ धार्मिक बातें ही होंगी। नियम को लागू करने की खबर के बाद बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को अब धमकियां मिलने लगी हैं।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने बताया कि वक्फ बोर्ड द्वारा तकरीर को लेकर लिए गए निर्णय के बाद ओवैसी और हुर्रियत कांफ्रेंस ने एक बयान जारी किया था। इसके बाद से उन्हें मोबाइल पर धमकियां मिलने लगी हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान के साथ जम्मू–कश्मीर एवं केरल से भी धमकियां मिली हैं। इन धमकियों में कोई जान से मारने की, तो कोई 6 इंच छोटा कर देने की धमकी दे रहा है।

वक्फ बोर्ड द्वारा लागू किए गए नए नियम के तहत पहले जुम्मे को 152 मस्जिदों द्वारा नमाज से पहले तकरीर के लिए वक्फबोर्ड को आवेदन देकर अनुमति मांगी गई थी। नियम लागू होने के बाद यह दूसरा जुम्मा होगा जब तकरीर के लिए मस्जिदों द्वारा बोर्ड से अनुमति मांगने आवेदन करने होंगे। इन आवेदनों को अनुमति मिलने के बाद ही मस्जिदों में तकरीर की जा सकेगी।

निरीक्षण करेंगी टीमें

वक्फबोर्ड द्वारा लागू किए गए नियम में तकरीर के लिए अनुमति नहीं मांगने वाले मस्जिद के मुतल्लवी के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत वक्फ बोर्ड द्वारा निरीक्षण टीमें बनाई जा रही हैं। ये टीमें मस्जिदों में धार्मिक तकरीर के स्थान पर किसी तरह साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली तकरीर तो नहीं हो रही है, देखेगी। ऐसा होने पर बोर्ड नियमानुसार उन पर कार्रवाई भी करेगा।

152 आवेदनों को दी गई थी मंजूरी

वक्फ बोर्ड के इस आदेश के बाद विरोध भी हुआ, लेकिन वक्फ बोर्ड ने अपने निर्देश को यथावत रखा था। इस नियम के तहत प्रदेशभर से 152 मजिस्दों द्वारा आवेदन किए गए थे, जिन्हें बोर्ड ने मंजूरी दी थी।

# प्रदेश के स्कूलों के समय में बदलाव



**रायपुर / अंबिकापुर (प्रतिदिन राजधानी)।** एमसीबी (मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर) जिले में कडाके की ठंड शुरु हो गई है। इसका असर सुबह स्कूल जाने वाले नन्हें बच्चों पर पडने लगा है। इसे देखते हुए डीईओ ने स्कूलों के टाइम–टेबल में बदलाव किया है। अब दो पालियों में लगने वाले स्कूल सुबह 9 से दोपहर 12.30 बजे तक तथा 12.45 बजे से 4.15 बजे तक तथा एक पाली में लगने वाले स्कूलों की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक लगेंगीं।

एमसीबी डीईओ अजय मिश्रा ने नया टाइम टेबल को लेकर आदेश जारी किया है। इसका शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों में पालन किया जाएगा। आदेश 27 नवंबर से 31 जनवरी 25 तक लागू रहेगा। जिलेभर में स्कूलों के लगने को लेकर सोमवार से शनिवार तक 3 पालियों में समय तय किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार दो पाली में लगने वाले स्कूलों में सुबह पाली सुबह 9 दोपहर 12.30 बजे तक, द्वितीय पाली में दोपहर 12.45 से शाम 4.15 बजे तक लगाए जाएंगे। वहीं एक ही पाली के स्कूलों में सुबह 10.30 से दोपहर 3.30 बजे तक कक्षाएं लगाई जाएंगी।


# संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि समझे और पालन करें-रमेन डेका

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** हमारा संविधान दुनिया का सबसे सुंदर संविधान है। दुनिया के 60 देशों के संविधान का अध्ययन कर हमारे संविधान का निर्माण हुआ है। संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि इसे समझे और इसका पालन करें। यह उद्गार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किया। श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एवं कॉलेज रायपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित संगोष्ठी मे राज्यपाल श्री डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। श्री डेका ने संगोष्ठी में भारत के संविधान के संबंध में अपने प्रासंगिक विचार रखे। उन्होंने संविधान की विभिन्न धाराओं के तहत उल्लेखित नियमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बीते 75 वर्षो की यात्रा में बहुत चुनौतियां रही, इसलिए समय–समय पर संविधान में कई संशोधन किए गए जो देश की बदलती जरूरतों के अनुसार आवश्यक थे। किन्तु इन परिवर्तनों के बावजूद संविधान की मूलभावना, समानता, स्वतंत्रता और न्याय अक्षुण्ण रही। यह हमारे संविधान की अद्वितीय विशेषता है कि यह स्थिरता और लचीलापन दोनों का संतुलन बनाए रखता है।

राज्यपाल ने कहा कि भाषण की स्वतंत्रता हमारे संविधान ने हमें दी है। लोकतंत्र में राजनीति का बहुत महत्व है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संविधान में प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को राजनीति में भागीदारी करना चाहिए। महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और सही निर्णय लेने की क्षमता तथा ज्ञान होना आवश्यक है जिससे महिलाएं सशक्त होंगी।

# 70 वर्ष के बुजुर्गो को 5 लाख का मुफ्त इलाज भारतीय सिंधु सभा ने लगाया कैंप

## 5 लाख के मुफ्त इलाज का आयुष्मान कार्ड पाकर बुजुर्गो के चेहरे पर आई मुस्कान : अमित चिमनानी





**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी और 'आओ बनाएँ स्वस्थ छत्तीसगढ़ मिशन' के प्रमुख अमित चिमनानी के संयोजन में भारतीय सिंधु सभा ने सिंधु पैलेस शंकर नगर में 70 वर्ष के अधिक उम्र के बुजुर्गो के लिए विशेष कैंप लगाया।जिसमें बुजुर्गो को तुरंत ही 5 लाख तक के मुफ्त इलाज का कार्ड बनाकर दिया गया। बुधवार को यहाँ सिंधु पैलेस में 'स्वस्थ छत्तीसगढ़' मुहिम के तहत आहूत पाँचवें शिविर में रायपुर उत्तर के भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे।

भाजपा मीडिया प्रभारी श्री चिमनानी ने बताया 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो का इलाज निःशुल्क हो सके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना के तहत उन सबका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भारतीय सिंधु सभा के तत्वावधान में लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें विशेष बात यह है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करने की घोषणा की है, चाहे वह किसी भी आर्थिक स्तर, जाति, वर्ग के हों। श्री चिमनानी ने कहा कि रायपुर स्वास्थ्य विभाग की मदद से हमने सभी के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना तैयार की और यह कार्य इस मुहिम में चल रहा है। शिविर में सैकड़ो की संख्या में बुजुर्ग लोगों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनाया, जो उनको तुरंत मिला। अब उनको अपने इलाज के लिए किसी पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी की योजना उनकी रक्षक है, उनकी तबीयत का ध्यान रखेगी। अमित ने कहा कार्ड मिलने के बाद बुजुर्गो के चेहरे की मुस्कान उन्हें संतुष्टि का भाव दे रही थी।

भारतीय सिन्धु सभा छत्तीसगढ़ के संरक्षक अशोक नैनवानी, अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, महासचिव द्वय मुरलीधर शादीजा, सतीश छुगानी ने जानकारी दी कि सिन्धु पैलेस रायपुर में लगातार स्वास्थ्य सम्बंधित शिविर लगते ही रहते हैं। अब भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष के अधिक उम्र के सदस्यों के लिए यह विशेष आयुष्मान कार्ड सिन्धु पैलेस में रखा गया था। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में पूज्य पंचायत शंकर नगर अध्यक्ष मुरली केवलानी, प्रह्लाद शादीजा, भारतीय सिंधु सभा रायपुर शहर इकाई के अध्यक्ष टीकम नागवानी पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में योगेश राघवानी, देवीदास प्रेमचंदानी, ताराचंद माखीजा, प्रेम प्रकाश मध्यानी ,अमर चन्दनानी, तनेश आहूजा, विकास रूपरेला, रतन वल्र्यानी, मुखी झामनदास बजाज, बंटी जुमनानी आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# छग के नगरीय निकाय चुनाव, 15 दिसंबर तक, आचार संहिता लागू होने की संभावना




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।** छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकाय चुनावों के लिए 15 दिसंबर तक आचार संहिता लागू हो सकती है। 11 दिसंबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होने के बाद, आचार संहिता की घोषणा की संभावना जताई जा रही है। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद, राज्य सरकार के संकेत हैं कि नगरीय निकाय चुनाव 5 जनवरी तक कराए जाएंगे, क्योंकि 6 जनवरी से नगर निगमों और नगर पालिकाओं के नए कार्यकाल की शुरुआत होनी है। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा को कांग्रेस के पार्षदों के वार्डों में भी अच्छी बढ़त मिली, जिसे सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि वार्डों का चुनाव विधानसभा चुनाव से अलग होता है। फिर भी चुनावी परिणामों से अच्छे संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में नगरीय निकाय चुनावों को लंबे समय तक टालने की संभावना कम है। राज्य गठन के बाद से यह परंपरा रही है कि रायपुर सहित पूरे राज्य में नगर निगमों और पालिकाओं का कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनाव कराए जाते हैं। मौजूदा मेयर इन काउंसिल का कार्यकाल 5 जनवरी को समाप्त हो रहा है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444